हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 29.4 डिग्री

न्यूनतम 23.8 डिग्री

13 मालवीय रोड से एवरग्रीन चौक होते हुए शास्त्री बाजार तक...



14 चिकित्सकों की सेवा भावना का स्वस्थ छग के निर्माण में...



# बंद अहातों को ठेके पर देने बदला नियम, टेंडर में जिसका आवेदन पहले, उसे ही मिलेगा ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आबकारी विभाग ने बंद पड़े अहातों को ठेके पर देने के लिए नियम में आंशिक बदलाव किया है। इसके तहत अब बंद पड़े अहाता के लिए टेंडर तो निकाला जाएगा, लेकिन इस टेंडर में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर सबसे पहला आवेदन करने वाले आवेदक को इसका ठेका दे दिया जाएगा। आवेदक को बस यह ध्यान रखना होगा कि विभाग ने अहाता के लिए जो शुल्क तय किया है, उससे कम नहीं हो। रायपुर जिले में इस नए नियम के तहत बंद 21 अहाता में से 13 अहातों के लिए आवेदन भी आ चुके हैं। विभाग ने आवेदन करने वाले लोगों के साथ अहाता अनुबंध की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

## तय शुल्क से कम राशि पर नहीं देंगे अहाता

### 8 अहाता के लिए आवेदन आना बाकी

जिले में बंद 21 में से 13 अहाता के लिए आवेदन आ चुके हैं। इन अहातों को पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर अहाता का ठेका दिया जाएगा। इसके लिए विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है, वहीं शेष 8 अहाता के लिए अब तक आवेदन नहीं आए हैं।



### बंद अहाता का पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर ठेका

जिले में जो अहातें ठेके पर नहीं गए हैं, उनके लिए दोबारा टेंडर निकाला गया है। इस बार टेंडर के नियम में बदलाव किया है। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर आवेदक को ठेका दिया जा रहा है। 21 में 13 अहाता के लिए आवेदन आ चुके हैं।

**- रामकृष्ण मिश्रा,** उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

**इन अहातों के लिए आ चुके आवेदन :** देशी-विदेशी चंदनीडीह, देशी-विदेशी माना, देशी-विदेशी सिलतरा, देशी कंपोजिट-विदेशी संतोषीनगर, देशी कम्पोजिट राजेंद्रनगर, देशी कंपोजिट टाटीबंध, देशी कंपोजिट लखौली, देशी कंपोजिट मांढर, विदेशी कंपोजिट कुर्रा-गुढ़ियारी, विदेशी कंपोजिट टाटीबंध, विदेशी कंपोजिट मंदिर हसौद एवं विदेशी कंपोजिट गोगांव शामिल है।

### दो माह पहले हुए टेंडर में 21 अहाता के लिए आवेदन ही नहीं आए

आबकारी विभाग ने अप्रैल में रायपुर जिले के 61 अहाता के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे। इन आवेदनों में 39 अहाता के लिए आवेदन किए गए थे। इन सभी अहातों का टेंडर खोलने पर सबसे अधिक बोली लगाने वालों को अहाता का ठेका भी दिया गया, जो वर्तमान में संचालित हैं। शेष 22 अहाता अब तक बंद हैं। इसके लिए विभाग दोबारा टेंडर निकालने पर विचार कर रहा था, लेकिन देखा गया कि पहले टेंडर में ही इन अहातों के लिए कोई आवेदन नहीं आया, इसलिए विभाग ने टेंडर के नियम में आंशिक परिवर्तन करते हुए पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर बचे अहातों में से 21 अहाता के लिए टेंडर निकाला है।

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र पुलिस ने हत्या के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया सौम्या अठवानी निवासी दीपक कालोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन इशिता अठवानी ने



2019 में रिंकू अठवानी से प्रेम विवाह किया था, जिसकी एक लड़की जिया अठवानी 5 वर्ष की है, मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने से बातचीत नहीं करती है। बच्ची की बीमारी की बात को लेकर रिंकू अपनी पत्नी इशिता के साथ अक्सर झगड़ा करता था। घटना दिवस 21 जून को सुबह 9 बजे रिंकू ने अपनी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद से वह फरार था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### पार्टनर ने किए फर्म के लाखों रुपए गबन, गिरफ्तार

**रायपुर।** मुजगहन पुलिस ने अमानत में खयानत करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी हेमंत भारद्वाज निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोरियाकला ने शिकायत की थी कि स्नेहा इन्फ्रास्ट्रक्चर



लाजिस्टिक एलएलपी फर्म में तीन पार्टनरों की बराबर की हिस्सेदारी के तहत 9 फरवरी 2022 को कंस्ट्रशन एवं लाजिस्टिक कार्य हेतु फर्म का निर्माण किया गया था तथा फर्म के वित्तीय संचालन के लिए इण्डसइण्ड बैंक रायपुर में खाता खोला था। फर्म में मेकर एवं एप्रूवर के तहत पूरी प्रक्रिया की जानी थी, लेकिन फर्म के कार्यों के संचालन में अनावश्यक विलंब होने से बचने के लिए आरोपी पार्टनर नीरज केडिया ने बैक को धोखे में रखकर सारा अधिकार अपने पास लेकर बिना जानकारी के 16 अक्टूबर 2023 को फर्म के जमा पूंजी से दो किस्तों में 4 लाख 50 हजार रुपए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिए। इस तरह उसने फर्म की जमा पूंजी को गबन कर लिया, जिससे फर्म को आर्थिक नुकसान पहुंचा। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए आरोपी को धारा 409 भादवि के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### चाकू लहराकर फैला रहा था दहशत, धरा गया बदमाश

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने चाकू के साथ बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 1 जुलाई को सूचना मिली कि शारदा



चौक आरडीए बिल्डिंग के पीछे एक व्यक्ति स्टील का चाकू लेकर हवा में लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी रामू राय निवासी जोरापारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन बदमाश है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

भीड़ बढ़ी पर नहीं खुल रहे अतिरिक्त काउंटर, घंटों लाइन में खड़े हो रहे यात्री

# चार काउंटर, हजारों यात्री, एक टिकट के लिए 40 मिनट वेट, लग रही लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन में जनरल टिकट लेने के लिए यात्रियों को रोजाना लंबी कतारों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से लेकर देर शाम तक टिकट काउंटरों पर भीड़ बनी रहती है। एक ओर रेलवे प्रशासन यात्रियों को ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन अब भी हजारों यात्री स्टेशन पहुंचकर काउंटर से ही टिकट खरीदना पसंद कर रहे हैं। स्टेशन में लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए जनरल टिकट बिक्री के लिए आठ काउंटर बनाए गए हैं, लेकिन वर्तमान में केवल चार काउंटरों से ही टिकट जारी किए जा रहे हैं। रेलवे की ओर से समय-समय पर दावा किया जाता रहा है कि भीड़ बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त काउंटर खोले जाएंगे, लेकिन फिलहाल ऐसा नहीं किया जा रहा है। हरिभूमि टीम ने सोमवार दोपहर स्टेशन पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

उस समय चारों सक्रिय काउंटरों पर प्रत्येक में 12 से 15 यात्री कतार में खड़े थे। यात्रियों को एक टिकट लेने में औसतन 30 से 40 मिनट का समय लग रहा था। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई यात्रियों की ट्रेन 10 से 15 मिनट में रवाना होने वाली थी, लेकिन भीड़ के कारण वे टिकट नहीं ले पाए और मजबूरन बिना टिकट के ही प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ गए। स्टेशन परिसर में दो टिकट वेंडिंग मशीनें भी लगाई गई हैं, लेकिन वहां भी लंबी कतारें लगी हुई थीं। ऐसे में आपात स्थिति में यात्रियों के लिए टिकट लेना और भी मुश्किल हो गया है। यात्रियों की मांग है कि रेलवे प्रशासन अन्य काउंटर शुरू करे, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और यात्रियों को समय पर टिकट मिल सके।

**रोजाना 20 हजार यात्रियों के टिकट खरीदी सिर्फ 4 काउंटर से, इसलिए दिनभर लगती है लंबी कतार**





### अस्थाई रूप से बंद हैं काउंटर

रेलवे स्टेशन में जनरल टिकट के लिए यात्रियों की भीड़ सुबह 10 बजे से शुरू हो जाती है, जो दोपहर 3 बजे तक लगातार बनी रहती है। इसके बाद शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक टिकट काउंटरों पर लंबी कतारें देखी जाती हैं।रेलवे प्रशासन द्वारा कुछ काउंटरों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, जिससे भीड़ के समय यात्रियों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि रायपुर स्टेशन में प्रतिदिन लगभग 20,000 से अधिक यात्री काउंटर से जनरल टिकट खरीदते हैं। वहीं, 30 से 40 प्रतिशत यात्री ऑनलाइन माध्यम से टिकट बुक कर रहे हैं, लेकिन काउंटर टिकट लेने वालों की संख्या अब भी बहुत अधिक बनी हुई है।

### टिकट मशीनों पर भी लग रही लंबी कतारें

रेलवे स्टेशन पर यदि सभी छह टिकट काउंटर सक्रिय कर दिए जाएं, तो जनरल टिकट के लिए लगने वाली लंबी कतारों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। वर्तमान में दो ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें स्टेशन परिसर में लगी हैं, लेकिन इनसे भी यात्रियों को अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही है।मशीनों की संख्या कम होने और भीड़ अधिक होने के कारण यात्रियों को वहां भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कई यात्री समय पर टिकट नहीं मिलने के चलते मजबूरीवश बिना टिकट के ही ट्रेनों में सफर करने लगे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है।

# छंटने लगे काले बादल मध्य हिस्से में कम हुई भारी बारिश की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश की उम्मीद देने वाले काले बादल अब छंटने लगे हैं। इससे मध्य हिस्से में अब भारी बारिश की संभावना कम हो गई है। सिस्टम के आगे बढ़ने के कारण अब असर सरगुजा संभाग के हिस्सों पर होगा।

- आगे बढ़ा सिस्टम, अब असर सरगुजा संभाग के हिस्सों पर

राजधानी रायपुर में भी मंगलवार को पूरे दिन बादल छाए रहे, लेकिन भारी बारिश की जगह केवल बूंदा-बांदी ही हुई। बुधवार को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में वज्रपात की ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कहां, कितनी बारिश

मंगलवार सुबह 8 बजे तक प्रदेश में सर्वाधिक बारिश शंकरगढ़ में 16 सेमी दर्ज की गई। इसके अलावा औंधी में 12 सेमी, अंतागढ़ में 9 सेमी, खड़गांव व दुर्गकोंदल में 8 सेमी, मानपुर, रामानुजगंज, पखांजुर व नारायणपुर में 7 सेमी, दरभा और चांपा में 6 सेमी, कोहकामेटा, रामचंद्रपुर, नानगुर, भानुप्रतापपुर, करपावंड, धमतरी, नगरी, माकड़ी, बास्तानार सहित कई स्थानों में 5 सेमी बारिश हुई। शेष क्षेत्रों में इससे कम वर्षा दर्ज हुई।

### ऐसा है सिस्टम

मौसम विभाग के अनुसार, एक निम्न दाब का क्षेत्र झारखंड और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड की ओर आगे बढ़ने की संभावना है। दूसरी ओर मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, कानपुर, वाराणसी, झारखंड में स्थित निम्न दाब के केंद्र, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम उत्तरप्रदेश से झारखंड में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक 1.5 किलोमीटर से 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

# पीएम आवास में डेढ़ साल से देवार डेरा का बेजा कब्जा, डेढ़ घंटा मशक्कत के बाद निगम ने कराया कब्जा मुक्त



- ब्लाक नंबर 47 और 48 के 58 मकानों में ताला तोड़कर कब्जा जमाया था
- खाली करने में टीम के साथ दुर्व्यवहार, पत्थर और डंडे लेकर टीम को धमकाया

**टीम प्रहरी में शामिल दबंग महिलाओं ने संभाली स्थिति**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत काठाडीह रोड मठपुरैना में बनाए गए आवास में से 58 आवास में ताला तोड़कर देवार डेरा के लोगों ने कब्जा जमाया था। डेढ़ साल से इन बेजा कब्जाधारियों के कारण इन मकानों के मूल मालिक पैसा जमा करने के बाद भी निगम के चक्कर काट रहे थे। यही नहीं, इन्हें आवंटित आवासों में कब्जा नहीं मिल रहा था। ऐसे 58 मूल आवंटितियों को टीम प्रहरी, जोन 10 नगर निवेश और सफाई कर्मचारियों की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में बड़ी मशक्कत के बाद देवार डेरा के कब्जाधारियों को खदेड़ कर आवास उनके सुपुर्द कराया।


### कार्रवाई में इनकी भूमिका

मठपुरैना के पीएम आवास परिसर में कब्जा हो चुके आवासों को खाली कराने में जोन 10 के जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता दिनेश सिन्हा, योगेश यद्दु, सुशील अहीर, उप अभियंता रवि प्रभात साहू, अजय श्रीवास्तव, टीम प्रहरी की महिलाएं और मुजगहन तथा टिकरापारा पुलिस थाना की अहम भूमिका रही।

दरअसल, मठपुरैना के पीएम आवासीय परिसर में ब्लाक नंबर 47 और 48 के 58 मकानों में देवार डेरा के लोगों ने कब्जा कर रखा था, जबकि इन मकानों के मूल मालिकों ने सालभर पहले नगर निगम में मकान की ▶▶|शेष पेज 13 पर

# हत्या का प्रयास-लूट मामले में फरार दंपति नागपुर में पकड़े गए

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के हीरापुर क्षेत्र में एक व्यक्ति पर जान लेवा हमला और लूट कर फरार हुए पति-पत्नी को नागपुर में आरपीएफ की टीम ने ट्रेन में गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से एक चाकू भी बरामद किया है। आरपीएफ नागपुर की सूचना पर रायपुर पुलिस टीम ने नागपुर जाकर दंपति को गिरफ्तार किया और रायपुर लेकर आई है।



- पत्नी हिस्ट्रीशीटर-पति भी जा चुका जेल

कबीरनगर थाना से मिली जानकारी के अनुसार 12 जून की रात को हीरापुर स्थित यदुवंशी चौक के पास रात करीब साढ़े आठ बजे प्रार्थी गजेंद्र यदु अपनी एक्टिवा वाहन में बैठा हुआ था। इसी दौरान प्रियेश यदु उर्फ प्रिंस 26 वर्ष निवासी यादव भवन के पास साहूपारा हीरापुर वर्तमान पता मौदहापारा और उसकी पत्नी मुस्कान रात्रे उर्फ यदु 25 वर्ष अपने एक अन्य साथी अजय यदु के साथ बाइक से उसके पास पहुंचे। तीनों की गजेंद्र से पुरानी रंजिश थी। इसी रंजिश पर तीनों उसे जान से मारने के इरादे से उसके पास पहुंचे थे। इस दौरान आरोपियों ने मिलकर उसे घेरकर चाकू एवं हाथ कड़ा से हमला किया। गजेंद्र जब घायल हो गया, तो आरोपियों ने उसका मोबाइल, नकदी रकम, आधार, वोटर एवं पैन कार्ड लूटकर फरार हो गए। इधर घटना की शिकायत पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

# 20 साल बाद बदलेगा महापौर आवास, साइंस कालेज कैंपस के बंगले में रहेंगी मीनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे नगर निगम के नलघर चौक के पास वाले परंपरागत बंगले में नहीं रहेंगी। उनके लिए साइंस कालेज कैंपस स्थित बंगले का रंगरोगन और मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग करा रहा है। वहां इसके पूर्व संसदीय सचिव के पद पर रहते हुए विकास उपाध्याय रहते थे। उसी बंगले को नगर निगम की महापौर मीनल चौबे को आवंटित किया गया है। इस बंगले के दरवाजे पर महापौर के नाम का बोर्ड भी लगा दिया गया है। यही नहीं, रथयात्रा के दिन शुभ मुहूर्त देखकर महापौर मीनल चौबे ने बंगले विधि-विधान से पूजा अर्चना भी करा ली है। मरम्मत का काम पूरा होते ही वे जल्द जीई रोड स्थित साइंस कालेज कैंपस के महापौर बंगले में रहेंगी।

नगर निगम के इतिहास में 20 साल बाद महापौर बंगला बदल रहा है। अभी तक ओसीएम चौक के पास स्थित नगर निगम के पुराने बंगले में महापौर का निवास हुआ करता था। तत्कालीन महापौर सुनील सोनी, डॉ. किरणमयी नायक और उसके बाद प्रमोद दुबे फिर ▶▶|शेष पेज 13 पर

**लोक निर्माण विभाग करा रहा रंगरोगन और मरम्मत का काम**




- रथयात्रा के दिन मुहूर्त देखकर कराई पूजा अर्चना
- नलघर चौक के परंपरागत बंगला में नहीं रहेंगी

### पुराना महापौर बंगला जर्जर हो गया

नलघर चौक स्थित पुराना महापौर बंगला काफी जर्जर हो गया है। इसे तैयार होने में ज्यादा समय लगेगा। इसे देखते हुए साइंस कालेज कैंपस स्थित बंगला एलाट किया गया है, इसके रंगरोगन और छिटपुट मरम्मत का काम पूरा होते ही शिफ्टिंग कर ली जाएगी। रथयात्रा के दिन बंगले में पूजा अर्चना कर ली है। महापौर वाला पुराना बंगला संबंधित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

**- मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

# गवाह को जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** न्यायालय के समक्ष गवाही देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी कमलेश बुलवानी ने तेलीबांधा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह पंडरी कपड़ा मार्केट में काम करता है। वह मृतक यश शर्मा का दोस्त है। उसके दोस्त की मौत उसके साथ की गई मारपीट के कारण हुई थी। मारपीट तुषार पाहुजा, चिराग पंजवानी, तुषार पंजवानी ने की थी। इस प्रकरण में कमलेश को गवाही के लिए कोर्ट से नोटिस मिला था। इससे पहले वह गवाही देने जाता, उसे मोबाइल से धमकी मिलने लगी। यह धमकी मनीष सिंह निवासी श्याम नगर ने दी थी, जो मूलतः बिहार का रहने वाला है। थाने में शिकायत के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे मंगलवार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल लिया है। पुलिस ने इस प्रकरण में उपयोग में लाई गई क्रेटा कार एवं मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाने में जुआ एक्ट, नारकोटिक्स एक्ट, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने जैसे कई मामले पंजीबद्ध हैं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

**खबर संक्षेप**



## नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकें गणवेश वितरित कर मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**अभनपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला खोरपा में नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकें, गणवेश व मिठाई वितरित स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसएमसी पूर्व अध्यक्ष हृदय राम साहू के परिवार की ओर से सामूहिक न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानपाठक केपी साहू द्वारा शाला विकास समिति के रामसिंग साहू, कुसुम साहू, जीतेंद्र कुमार साहू, गणेश राम पटेल को प्रतीक चिह्न एवंविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देते सम्मान किया गया। इस मौके पर सरपंच मीनू चुम्मन ध्रुव, शेषनारायण साहू, नारायण साहू, पीएस राजपूत, कुसुम साहू, जानकी साहू,अभिभावक सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

## चैन और मनुप्रिया ने मिनीगोल्फ में जीते गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल

**तरपोंगी।** 10वीं सीनियर नेशनल मिनीगोल्फ चैंपियनशिप 2024-25 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के लिए नागपुर में 26 से 29 जून तक वसंतराव नाइक गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के अनुभवी और कुशल खिलाड़ियों ने राज्य को जीत और गौरव दिलाया है। वरिष्ठ खिलाड़ी चैन कुमारी निषाद और उभरती हुई चैंपियन मिस मनुप्रिया खेमका ने महिला डबल्स स्ट्रोक इवेंट में प्रत्येक ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट साझेदारी का प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने स्पीड मिनीगोल्फ में महिला टीम इवेंट के तहत कांस्य पदक और ट्रॉफी भी हासिल की, जो 29 जून को उसी परिसर में आयोजित की गई थी। उनकी समर्पण और निरंतर कड़ी मेहनत ने स्पष्ट रूप से छत्तीसगढ़ राज्य को गौरव दिलाया है। मिनीगोल्फ के सचिव भूपेंद्र प्रसाद ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**विरोध : निरस्तीकरण का प्रशासनिक आदेश जारी न होने तक जारी रहेगा धरना**

# खौली में शराब दुकान विरोधी धरना 7 वें दिन जारी, प्रशासन को सद्बुद्धि देने आज होगा यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रायपुर जिले के चयनित 7 गांवों, जिनमें आंदोलनरत ग्राम खौली भी शामिल है, में खोले जाने वाले 7 शराब दुकानों के लिए जगह उपलब्ध कराने की निविदा भरने और खोलने का कल, 2 जुलाई को अंतिम दिन है। इसी को लेकर खौली के ग्रामीणों का धरना मंगलवार को सातवें दिन भी जारी रहा। गांववालों ने ग्रामसभा के माध्यम से पहले ही यह फरमान सुना दिया है कि कोई भी ग्रामीण जगह देने के लिए निविदा न डाले और पंचायत भी किसी भी शासकीय जगह को उपलब्ध न कराए। बीते सोमवार को ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल से क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह ने खौली में किसी भी हालत में शराब दुकान न खुलने देने का वादा किया है। इस वादे की जानकारी विधायक के प्रतिनिधि, पूर्व क्षेत्रीय जनपद सदस्य संजय शर्मा ने ग्रामीणों को दी। हालांकि, ग्रामीणों ने फैसला किया है कि शराब दुकान खोलने के आदेश के निरस्तीकरण का प्रशासनिक आदेश जारी न होने तक ऐहतियातन धरना जारी रहेगा।



### आज घटनाक्रम पर टिकी निगाहें

खौली के ग्रामीणों में 2 जुलाई को यज्ञ होने वाले घटनाक्रम को लेकर धुकधुकी लगी हुई है। ग्रामीण इस यक्ष प्रश्न से जूझ रहे हैं कि क्या कोई ग्रामीण फरमान की अवहेलना कर निविदा डालेगा, या फिर विधायक के वादे के अनुरूप शराब दुकान खोलने का आदेश निरस्त होगा, या शासन-प्रशासन जनभावना को अनदेखा कर हठधर्मिता दिखाते हुए हर कीमत पर शराब दुकान खोलने का प्रयास करेगा। सभी की निगाहें 2 जुलाई के घटनाक्रम पर टिकी हैं।

### पंचायत की भूमिका और ग्रामीणों की धुकधुकी

ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में 67 नई शराब दुकानें खोलने का निर्णय लिया है, जिनमें से 7 रायपुर जिले में हैं और इनमें से 5 आरंग विधानसभा क्षेत्र के गांवों में हैं। खौली भी इन्हीं आंदोलित गांवों में से एक है। मार्च माह में शराब दुकान खुलने की सुगबुगाहट पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया था, लेकिन विधायक के वादे पर आश्वस्त होकर शांत बैठ गए थे। हालांकि, खौली में भी शराब दुकान खोलने के लिए निविदा आमंत्रित करने से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने 25 जून से फिर से धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जो लगातार जारी है। मार्च माह में पहुंचे पंचायत के प्रतिनिधिमंडल को कथित शराब दुकान खोलने संबंधी प्रस्ताव के निरस्तीकरण का प्रस्ताव पारित कर जिलाधीश और आरंग एसडीएम को न भेजे जाने पर ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने नाराजगी जताई थी।

## शराब दुकान के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, विधायक का आश्वासन





**सिलयारी।** 1 जुलाई को ग्राम दोंदे खुर्द, मटिया, लालपुर, दोंदे कला, छपोरा, सेमरिया आदि गाँवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने दोंदे खुर्द में खोली जा रही नवीन शराब दुकान को निरस्त करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सबसे पहले, ग्रामीणों ने धरसीवा विधायक अनुज शर्मा के निवास स्थान पहुंचकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। विधायक अनुज शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे ग्राम दोंदे खुर्द में शराब दुकान नहीं खुलने देंगे। उन्होंने पाँच सदस्यीय कमेटी बनाकर मुख्यमंत्री से मिलकर निवेदन करने की बात कही। इसके बाद, ग्रामीणों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया और कलेक्टर के नाम पर एडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार 'बेटी पढ़ाओ' का नारा तो दे रही है, लेकिन अगर गाँव-गाँव में शराब दुकानें खुलेंगी, तो उनकी बेटियों की रक्षा कैसे होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि शराब बिक्री का सबसे ज़्यादा दंश महिलाएँ ही झेलती हैं, और शराब दुकान की स्थापना से उनके गाँव का सामाजिक वातावरण दूषित होगा, जिससे लड़ाई-झगड़े और अपराधों में वृद्धि होगी। महिलाओं ने यह भी चिंता जताई कि आज उनके गाँव के युवा शिक्षित होकर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और खेल प्रतिस्पर्धाओं में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन शराब दुकान खुलने से वे नशे की लत में डूब सकते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि लगभग 14 वर्ष पूर्व भी उनके गांव में खोली गई शराब दुकान का ग्रामवासियों, विशेष रूप से महिलाओं और जनप्रतिनिधियों ने व्यापक विरोध दर्ज कराते हुए उसे बंद कराया था। महिलाओं ने ज्ञापन सौंपते हुए विधायक और एडीएम से तत्काल शराब दुकान की स्थापना निरस्त करने और दुकान के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य को रोकने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन ने उनकी ग्रामसभा के विरोध प्रस्ताव और जनभावनाओं के विपरीत शराब दुकान खोलने की कोशिश की, तो वे न सिर्फ़ अनिश्चितकालीन धरना करेंगी, बल्कि उनके गाँव में एक भी शराब की बोतल को दुकान में जाने नहीं देंगी। इस प्रदर्शन में जनपद सदस्य भगत बंजारे, पूर्व जनपद अध्यक्ष उत्तरा कमल भारती, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधोराम वर्मा, छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक आलोक शुक्ला, पूर्व सरपंच अम्मी रेड्डी, पूर्व उपसरपंच सूरज टंडन, कमल भारती, मीना छेतीजा, सुरेखा ध्रुव, विजयलक्ष्मी साहू, पद्मा यादव, उमा निषाद, माधुरी लोधी, सुमित्रा साहू, कविता दास, सूर्यप्रताप बंजारे, हीरा ध्रुव, उर्मिला बंजारे, दीपा साहू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाएँ, युवा और बुज़ुर्ग शामिल हुए।

## युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षक साझा मंच ने किया प्रदर्शन

**आरंग।** युक्तियुक्तकरण में हुई अनियमितता तथा क्रमोन्नत वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच आरंग द्वारा एक जुलाई को आरंग ब्लॉक मुख्यालय में एक दिवसीय जोरदार धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसके तहत आरंग विकासखंड इकाई के द्वारा तहसील कार्यालय जनपद पंचायत आरंग के पास एक दिवसी धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन पश्चात रैली निकालकर अपनी चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, शिक्षा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम एसडीएम पुष्पेन्द्र शर्मा एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा के माध्यम से सौंपा गया। मंच के ब्लॉक संचालक हरीश दीवान, छोटूराम साहू, एवन बंजारे, छत्रधर दीवान, इंद्रजीत वर्मा ने बताया कि राज्य में सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम भारी भर्राशाही की गई है। मंच के द्वारा चार सूत्रीय मांग दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण को दुरुस्त कर 2008 के सेटअप के अनुसार शिक्षकों की व्यवस्था किया जाना, सोना साहू प्रकरण को आधार मानते हुए समयमान वेतनमान क्रमोन्नति वेतनमान देने हेतु विभाग से जनरल आदेश जारी करने, नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन सहित सम्पूर्ण लाभप्रदान करना व डीएड योग्यता धारी को भी व्याख्याता पदोन्नति में शामिल किया जाना शामिल है।



## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने डीएपी खाद उपलब्धता को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग द्वारा आरंग ब्लॉक अध्यक्ष कोमल सिंह साहू के नेतृत्व में प्राथमिक सहकारी समिति शाखा प्रबंधक मंदिर हसौद के द्वारा मुख्य कार्यपालन मर्या. रायपुर अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को मंदिर हसौद तहसील के अंतर्गत आने वाले समस्त प्राथमिक सहकारी समितियों में डीएपी खाद उपलब्ध कराने हेतु ज्ञापन दिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष कोमल सिंह साहू ने बताया की प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों में डीएपी की आपूर्ति बंद हो गई थी जिसमें पूर्व मे हमारे द्वारा जिलाधीश व तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया था उसके बाद भी मंदिर हसौद के अंतर्गत आने वाले समस्त समितियों मे खाद आपूर्तियों में डीएपी खाद की आपूर्ति नहीं किया गया जिससे किसान भाइयों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः मंदिर हसौद के समस्त समितियों में वास्तविक डीएपी का भंडारण तत्काल सुनिश्चित किया जाए अन्यथा समितियों एवं शाखा के समक्ष कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र घेराव किया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## मंत्री टंकराम से तिल्दा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



मंत्री टंक राम वर्मा के रायपुर निवास पर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का भेंट मुलाकात एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें तिल्दा भाजपा मंडल से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने मंत्री टंक राम वर्मा एवं मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत करवाए। नगर पालिका के सभापति रानी सौरभ जैन ने मंत्री वर्मा को तिल्दा नेवरा में परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनाने शिविर आयोजित करने अनुरोध किए, जहां मंत्रियों ने आश्वाशन दिया है। वही मंत्री टंक राम वर्मा ने सभी का अभिवादन स्वीकार कर कार्यकर्ताओं का सम्मान किए व उनके साथ भोजन ग्रहण किए। जिसमें प्रमुख रूप से राम पंजवानी, नरेंद्र शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, मनोज निषाद शहर मण्डल अध्यक्ष, सौरभ जैन मंडल महामंत्री,नगर पालिका सभापति ईश्वर यदु, रानी सौरभ जैन, संतोष यदु, पार्षद धर्मेंद्र डहरिया, पार्षद जायश पैकरा, सुखदेव वर्मा,नरेंद्र लहरी, सुधांशु शर्मा, अनुराधा वर्मा पूर्व सरपंच, सुंदर यदु, दुर्गेश पटेल, बेबी गोस्वामी, पुष्पा नायक, देवकी बाघमार,किरण अनिल निर्मलकर, युवराज ठाकुर, भावेश साहू आदि उपस्थित हुए।



## खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने पर संस्थान को नोटिस जारी

**अभनपुर।** मुक्तांगन स्थित जंगल सफारी एवं आदिवासी संग्रहालय परिसर में संचालित फूड वेंडर्स के खाद्य पदार्थों की चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्ट्रीट फूड वेंडर्स से कुल 65 खाद्य नमूनों की ऑन स्पॉट जांच की गई, जिनमें से 63 नमूने मानक अनुसार पाए गए, जबकि एक नमूना मिथ्या छाप (मिसब्रांडेड) और एक नमूना बेस्ट बिफोर तिथि के बाद विक्रय हेतु भंडारित पाया गया। जांच के दौरान जय गुरुदेव नाश्ता एवं जलपान सेंटर (जंगल सफारी) और ध्रुव फास्ट फूड (आदिवासी संग्रहालय) द्वारा खाद्य पदार्थ पर प्रिंटेड पेपर का उपयोग करते पाया गया।

**अभिभावकों में आक्रोश, तत्काल समाधान की मांग**

# परसतराई स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी और माध्यम बदलाव से छात्र बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा




छत्तीसगढ़ के धरसींवा अंचल में शिक्षा व्यवस्था गंभीर बदहाली के दौर से गुजर रही है, जिसका सीधा और सबसे बुरा खामियाजा यहां के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। दाऊ पोषन लाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसतराई जो 1962 से संचालित होकर कभी इस पूरे अंचल का एकमात्र शैक्षिक केंद्र हुआ करता था, आज शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है। इस कमी ने पढ़ाई को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। दुख की बात यह है कि स्थानीय अधिकारी इस गंभीर समस्या के समाधान में लगभग बेबस नजर आ रहे हैं।

धरसींवा अंचल में शिक्षा की सबसे बड़ी समस्या माध्यम परिवर्तन को लेकर है। परसतराई में कक्षा 1 से 8 तक सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। वहीं, ब्लॉक मुख्यालय धरसींवा सहित आसपास के लगभग आधा दर्जन गांवों के विद्यार्थी कक्षा 1 से 5 तक हिंदी माध्यम में पढ़ाई करते हैं। समस्या तब आती है जब ये छात्र कक्षा 6 में प्रवेश के लिए परसतराई स्कूल पहुंचते हैं। उन्हें अचानक हिंदी माध्यम से सीधे अंग्रेजी माध्यम में धकेल दिया जाता है, बिना किसी पूर्व तैयारी या सहायक कक्षा के इस अचानक बदलाव के कारण छात्रों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वे नई भाषा में तालमेल बिठाने में असमर्थ हो रहे हैं, जिससे उनकी शैक्षिक नींव कमजोर पड़ रही है और सीखने की प्रक्रिया बाधित हो रही है। यह स्थिति उनकी सीखने की क्षमता और भविष्य की पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

यह समस्या शिक्षकों की भारी कमी से और भी गंभीर हो गई है। परसतराई स्कूल में तीन कक्षाओं को पढ़ाने के लिए केवल एकमात्र अंग्रेजी माध्यम का शिक्षक उपलब्ध है। विडंबना यह है कि यह शिक्षक भी विज्ञान विषय का है, जिसे मजबूरी में अंग्रेजी की कक्षाएं लेनी पड़ रही हैं क्योंकि कोई अन्य विकल्प नहीं है। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि सरकार ने अंग्रेजी माध्यम के सरकारी स्कूल तो खोल दिए हैं, लेकिन उनके सुचारु संचालन के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचे और विशेषकर शिक्षकों की व्यवस्था पर ध्यान देना भूल गई है। यह सरकारी उदासीनता का एक जीता-जागता उदाहरण है, जो सीधे तौर पर सैकड़ों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

शिक्षा विभाग ने सन 2019 में धरसींवा ब्लॉक में एक नया प्रयोग करते हुए 07 स्कूलों में सीबीएसई के तहत अंग्रेजी माध्यम की शुरुआत की थी। इस पहल को छह साल से अधिक हो गए हैं, लेकिन अंग्रेजी के शिक्षकों का अभाव अभी भी बना हुआ है।



## खबर संक्षेप



### दो सहायक संचालक हुए सेवानिवृत्त, दी विदाई

**रायपुर।** स्टेट ऑडिट क्षेत्रीय कार्यालय घड़ी चौक रायपुर से सहायक संचालक द्वय एनयू खान एवं अनास तिर्की 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त संचालक शैलेंद्र बंसपाल ने श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान विभाग द्वारा आयोजित विदाई समारोह के दौरान दिया गया। इस दौरान कार्यालयीन अधिकारियों, कर्मियों की उपस्थिति रही।

### कांग्रेस के परिसंपत्ति प्रभारी नितिन, सभी संपत्तियों का लेंगे ब्योरा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में पूर्व मंत्री एवं विधायक कवासी लखमा की गिरफ्तारी और सुकमा का कांग्रेस



भवन अटैच होने के बाद अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के परिसंपत्ति प्रभारी छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। प्रभारी नितिन कुम्बलकार का ये दौरा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे के दौरे के बाद 11 से 15 जुलाई तक प्रस्तावित है, जिसमें वे प्रदेश के लगभग सभी जिलों का दौरा कर कांग्रेस की संपत्ति का ब्योरा लेने वाले हैं। श्री कुम्बलकार 11 जुलाई से कवर्धा ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के साथ संपत्ति को लेकर अहम बैठक से शुरुआत करेंगे। 15 जुलाई को रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के साथ उनकी अंतिम बैठक होगी।

### खड़गे की सभा के लिए जिला कांग्रेस की बैठक



**रायपुर।** किसान जवान संविधान जनसभा को सफल बनाने जिला कांग्रेस की तैयारियों को लेकर रायपुर जिला प्रभारी जय सिंह अग्रवाल और प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने बैठक में कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने कहा, कार्यक्रम को सफल बनाने सभी विभानसभा से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने के लिए रणनीति बनाई गई। ब्लॉक अध्यक्षों, प्रभारियों को सघन मीटिंग करने की जिम्मेदारी दी गई है। कल 2 जुलाई को अभनपुर, 3 जुलाई धरसीवां, 4 जुलाई बीरगांव, 5 जुलाई आरंग विधानसभा प्रभारी की उपस्थिति बैठक होगी।

### क्रेडा में भर्ती की सूचना फर्जी

**रायपुर।** कुछ शरारती तत्वों द्वारा क्रेडा के लैटरहेड एवं सील का उपयोग करते हुए नियुक्ति संबंधी एक फर्जी सूचना एवं फर्जी सूची सोशल मीडिया में वायरल की जा रही है, जबकि ऐसा कोई पत्र आदेश या आम सूचना क्रेडा द्वारा जारी नहीं की गई है। ऐसा प्रयास निश्चित ही बेरोजगारों से ठगी तथा अवैध वसूली के उद्देश्य से किया जा रहा है। अतः इस संबंध में क्रेडा द्वारा पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है एवं अपनी वेबसाइट पर आम सूचना जारी कर सर्वसंबंधितों को आगाह भी किया जा रहा है कि ऐसे किसी भी तत्व के झांसे में न आएं एवं ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा सम्पर्क करने पर इसकी जानकारी क्रेडा के संज्ञान में लाएं, ताकि ऐसे तत्वों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके।

### संभागों और जिलों में कार्यालय खोले बिना पेंशन फंड की बात अर्थहीन

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने कहा, राज्य में संभाग और जिलों में पेंशन कार्यालय खोले बिना कैबिनेट निर्णय में पेंशन फंड की बात अर्थहीन है। इससे पेंशनरों का भला नहीं होने वाला। उन्होंने सरकार से पेंशनरों को पूर्व के बकाया एरियर्स का भुगतान और जनवरी 25 से बकाया 2 प्रतिशत डीआर का एरियर्स सहित आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इंद्रावती भवन में कोष लेखा एवं पेंशन से पेंशन को अलग कर पेंशन संचालनालय की 2 साल पहले स्थापना कर दी है।

---

लग सकता है 400 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क और जुर्माना

# रेरा पंजीयन के बिना चल रहे हैं 106 प्रोजेक्ट, जारी हुआ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (सीजी रेरा) ने राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक कड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने ऐसे 106 प्रोजेक्ट्स की पहचान की है, जो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत होने के बावजूद अब तक रेरा अधिनियम के तहत पंजीकृत नहीं हुए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन प्रोजेक्ट्स का निर्माण अथवा विक्रय कार्य बिना वैधानिक रेरा पंजीकरण के किया जा रहा था, जो कि न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उपभोक्ताओं के हितों के लिए भी अत्यंत नुकसानदेह है।

### जारी हुआ नोटिस

प्राधिकरण ने इन सभी प्रोजेक्ट्स के प्रमोटरों को नोटिस जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि रेरा अधिनियम, 2016 का पालन सुनिश्चित करना प्रत्येक प्रमोटर की जिम्मेदारी है। प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि पिछले सात वर्षों में 136 प्रोजेक्ट्स के विरुद्ध स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की गई है, जिनमें प्रमोटरों द्वारा बिना पंजीकरण कार्य संचालित किया गया था।

**संपत्ति खरीदने से पहले ये सावधानी है जरूरी**




### लग सकता है 400 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क

रेरा अधिनियम के अनुसार, बिना पंजीकरण प्रोजेक्ट संचालित करने पर पंजीकरण शुल्क का 400 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क और परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है। रेरा अधिनियम की यही विशेषता है कि वह न केवल उपभोक्ताओं को सुरक्षित निवेश का वातावरण देता है, बल्कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और समयबद्धता भी सुनिश्चित करता है।

### संपत्ति खरीदने के पहले जांचें पंजीयन है या नहीं

सीजी रेरा ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की संपत्ति जैसे फ्लैट, प्लॉट, विला या व्यावसायिक इकाई खरीदने से पहले यह अवश्य जांच लें कि संबंधित परियोजना रेरा में पंजीकृत है या नहीं। इसके लिए रेरा के पोर्टल पर जाकर परियोजना की पंजीकरण स्थिति की जांच की जा सकती है। वहीं, प्रमोटरों को भी सलाह दी गई है कि वे अपनी परियोजनाओं को विधिवत रजिस्ट्रेशन कराएं ताकि किसी प्रकार की शास्ति या कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके। प्राधिकरण का उद्देश्य स्पष्ट है कि वह उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना चाहता है और अनियमित एवं अराजक प्रोजेक्ट्स पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। घर खरीदने से पहले रेरा पंजीयन की पुष्टि अवश्य करें, इसी संदेश के साथ सीजी रेरा ने जिम्मेदार नागरिकों और ईमानदार डेवलपर्स से सहयोग की अपील की है।

---

ई-नीलामी प्रक्रिया निवेशकों को करेगी आकर्षित

# चूना पत्थर, लौह अयस्क और बॉक्साइट खनिज के नए ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में खनिज क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चूना पत्थर, लौह अयस्क और बॉक्साइट खनिज के नए ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को नवा रायपुर अटल नगर में निवेशकों के लिए प्री-बिड सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस प्री-बिड सम्मेलन का उद्देश्य राज्य की समृद्ध खनिज संपदा को औद्योगिक निवेश के लिए उपलब्ध कराना, स्थानीय विकास को बढ़ावा देना तथा पारदर्शी ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित करना है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमत्री के सचिव एवं खनिज सचिव पी. दयानंद ने कहा कि हमें नई औद्योगिक नीति के अनुरूप खनिज क्षेत्र के विकास के साथ 'विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज नीति और नई उद्योग नीति से खनिज आधारित उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। राज्य में खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए भरपूर संभावनाएं हैं। खनिज सचिव पी. दयानंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का ऐसा राज्य है, जहां कोयला, चूना पत्थर, डोलोमाइट, लौह अयस्क, बॉक्साइट, टिन, लीथियम, कोबाल्ट तथा रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे 28 से अधिक प्रमुख खनिजों की भरपूर उपलब्धता है। छत्तीसगढ़ में अब तक 51 खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी हो चुकी है और आने वाले समय में इस संख्या को और आगे बढ़ाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा गठित स्पेशल टास्क फोर्स के माध्यम से विभिन्न खनिज समूहों के लिए अनुसंधान किया जा रहा है। इसके साथ ही सोनाखान भवन में एक ड्रिल कोर लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है, ताकि अन्वेषण की गुणवत्ता और सटीकता को सुदृढ़ किया जा सके।खनिज सचिव श्री दयानंद ने यह भी बताया कि डीजीएम द्वारा चयनित कुल 9 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है, जिनमें 4 चूना पत्थर, 2 लौह अयस्क और 3 बॉक्साइट ब्लॉक शामिल हैं। इन ब्लॉकों में उपलब्ध संसाधनों का वाणिज्यिक दोहन निवेशकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है। चूना पत्थर के 200 मिलियन टन से अधिक भंडार बलौदाबाजार, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में स्थित हैं, जिनमें औसतन 42 प्रतिशत से अधिक कैल्शियम ऑक्साइड की मात्रा आंकी गई है। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि वे इन ब्लॉकों को एक आकर्षक औद्योगिक अवसर के रूप में देखें और छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीतियों का लाभ उठाएं। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग, पारदर्शिता और समयबद्ध अनुमतियां सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### खनिज संचालक ने कही ये बात

खनिज विभाग के संचालक रजत बंसल ने ई-नीलामी प्रणाली की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि निविदा पोर्टल पर सभी खनिज ब्लॉकों से संबंधित विवरण उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित क्षेत्रों में रेलवे और सड़क जैसे मजबूत आधारभूत ढांचे के साथ स्थानीय श्रमशक्ति भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिससे उद्योगों की स्थापना सुगम और आर्थिक रूप से व्यावहारिक होगी। प्रति वर्ष 3-4 मिलियन टन उत्पादन क्षमता वाले उद्योगों की स्थापना की संभावना के साथ इन क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर व्यापक रोजगार सृजन होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप महानिदेशक अमित धारवाड़कर, संयुक्त संचालक अनुराग दीवान, संजय कनकाने सहित विभिन्न निवेशक, औद्योगिक प्रतिनिधि, भूवैज्ञानिक एवं तकनीकी विशेषज्ञ तथा खनिज एवं उद्योग विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# केंद्रीय मंत्री अठावले ने कहा- छत्तीसगढ़ का विकास हमारा एजेंडा, मिलेगी धनराशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार को जो भी धनराशि की आवश्यकता होगी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार को उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्र सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ का विकास हमारा एजेंडा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन सबका साथ सबका विकास के साथ छत्तीसगढ़ और देश का सर्वांगीण विकास है। जिस तरह से हमारे देश में विकास हो रहा है और हमारी अर्थव्यवस्था 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है, उससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौजूदा सरकार के 11 साल भारत को सभी क्षेत्रों में बदल रहे हैं, चाहे वह सड़क हो, रेलवे हो या एयरपोर्ट।



पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना, 11 साल में आया बदलाव

### सभी वर्गों को मिल रहा केंद्र की योजनाओं का लाभ

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ जाति, धर्म या नस्ल से परे देश के सभी वर्गों को मिला है। इनमें 51 करोड़ बैंक खाते खोलना, 10 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन देना, मुद्रा योजना के तहत 46 करोड़ लोगों को ऋण देना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ लोगों को घर देना, आयुष्मान भारत योजना से 4 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचाना शामिल है। सभी कार्य बहुत तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके मंत्रालय द्वारा विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनमें पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, वृद्धाश्रम योजना, दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य भारत अभियान योजना और कई अन्य योजनाएं शामिल हैं।

### जाति जनगणना मोदी का ऐतिहासिक निर्णय

श्री अठावले ने कहा, जाति जनगणना का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक निर्णय है। विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधित्व को समझने के लिए जाति जनगणना आवश्यक है। इससे महत्वपूर्ण आंकड़े मिलेंगे और सरकार को पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हमेशा से इच्छा थी कि हमारे देश में जाति जनगणना हो। ऑपरेशन सिंदूर पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान से सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की।

---

# करबला तालाब सौंदर्यीकरण का मूणत ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम विस क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने मंगलवार को करबला तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। यह कार्य लगभग रुपए 2.44 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री मूणत ने जोन क्रमांक 7 के आयुक्त सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब के चारों ओर परिक्रमा पथ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे पहले बाहरी सीमा पर बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जाए। कार्य प्रारंभ करने से पहले पूरे परिसर की व्यापक सफाई अभियान चलाकर गंदगी हटाई जाए।



### ....तो खुद ही हटाएंगे अपना कब्जा

श्री मूणत ने कहा कि मंदिर साइड से पाथवे निर्माण की शुरुआत की जाए, लेकिन इससे पहले उसका मजबूत बेस तैयार किया जाए, ताकि भविष्य में वह धंसे नहीं। निरीक्षण के दौरान मंदिर के पीछे एक निजी ट्रांसफॉर्मर की स्थिति पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए, इसकी जांच की जाए कि वह निजी या शासकीय भूमि पर स्थापित है। यदि वह शासकीय भूमि पर पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को उसे अपनी निजी भूमि पर स्थानांतरित करने के लिए कहा जाए। इसके अतिरिक्त मंदिर के पास स्थित अवैध कब्जों को हटाने के लिए भी विधायक ने निर्देश दिए। निरीक्षण के समय मंदिर के सामने स्थित एक मकान स्वामी ने यदि निर्माण कार्य में उनका मकान बाधक बनता है तो अपने व्यय पर उसे हटाने की स्वेच्छा जताई, जिसकी विधायक श्री मूणत ने खुले दिल से सराहना की।

---

# ईओडब्ल्यू ने सिंचाई विभाग के उप अभियंता निकोसे के विरुद्ध जांच की मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला प्रोजेक्ट में मुआवजा देने के नाम करोड़ों का घोटाला कर शासन को चपत लगाने के मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एन्टी करप्शन ब्यूरो के निदेशक ने सचिव छत्तीसगढ़ शासन जलसंसाधन विभाग को पत्र प्रेषित कर विभाग के उप अभियंता आनंद कुमार निकोसे के विरुद्ध जांच की अनुमति मांगी है।

- भारतमाला प्रोजेक्ट में जलाशय के लिए अर्जित भूमि को पुन: विक्रय का दिया मुआवजा

बताया गया है कि रायपुर-विशाखापट्नम प्रस्तावित ईकानामिक कारीडोर (भारतमाला) के भू-अर्जन के संबंध में शासन की जलाशय के लिए अर्जित भूमि को पुनः शासन को विक्रय कर मुआवजा दे दिया गया। मामले में भूमि स्वामी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को मुआवजा एवं निजी भूमि का गलत मुआवजा दिया गया। निजी भूमि के मूल खसरा एवं रकबा को टुकड़ों में विभाजित कर मुआवजा राशि के निर्धारण में अर्जन की जाने वाली निजी भूमि के बदले प्रभावितों को गलत ढंग से अधिक मुआवजा देते हुए शासन के साथ छल एवं धोखाधड़ी कर शासन को करोड़ों की हानि पहुंचाई है। मामले में छल पूर्वक मुआवजा की राशि पात्र व्यक्तियों को ना देकर अन्य ऐसे व्यक्तियों के नाम को दर्शा दिया, जिसमें उनका कोई लेना-देना ही नहीं था।




### पद का किया दुरुपयोग

ईओडब्ल्यू एवं एसीबी ने कहा, आनंद कुमार निकोसे उपअभियंता जलसंसाधन उप संभाग क्रमांक 1 रायपुर सहित, निर्भय कुमार साहू तात्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभनपुर, दिनेश कुमार पटेल हल्का पटवारी नं0-23 उरला, रोशन लाल वर्मा राजस्व निरीक्षक, शशिकांत कुर्रे तत्कालिन तहसीलदार अभनपुर, जितेन्द्र साहू तत्कालिन राजस्व निरीक्षक अभनपुर, बसंती घृतलहरे पटवारी, लखेश्वर प्रसाद, किरण तत्कालिन नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा, लेखराम देवांगन पटवारी एवं अन्य द्वारा लोक सेवक के पद पर रहते हुए अपने-अपने पदों का दुरुपयोग किया।

---

# किसानों को मिलती रहे खाद मुख्यमंत्री साय ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को सतत रूप से खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।



मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद के उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही और किसानों को इसके लाभ से अवगत कराने को कहा। श्री साय ने कलेक्टरों के माध्यम से जिलेवार सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता और वितरण की निगरानी और सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खेती-किसानी का यह समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि इस समय खाद-बीज की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा आती है, तो इसका सीधा असर फसलों की बुआई और उत्पादन पर पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय पर और उचित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि समितियों में एनपीके खाद की व्यवस्था भी की जा रही है, किसानों को इसे उपलब्ध कराने की दिशा में तत्काल कदम उठाएं। उन्होंने अमानक और नकली खाद की बिक्री पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मामलों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, संचालक कृषि राहुल देव सहित मार्कफेड के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

---

देशभर के 345 राजनीतिक दलों पर चुनाव आयोग की सख्ती

संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश

# छग के 9 राजनीतिक दल 6 साल से निष्क्रिय, ईसीआई का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर के 345 पंजीकृत अप्रमाणित राजनीतिक दलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग के अनुसार, इन दलों ने वर्ष 2019 से बीते छह वर्षों के दौरान किसी भी चुनाव में भाग नहीं लिया है और इनका कोई सक्रिय कार्यालय भी मौजूद नहीं पाया गया है। निर्वाचन आयोग ने ऐसे सभी दलों को सूची से हटाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ में भी कई राजनीतिक दलों की पहचान की गई है, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया जा रहा है। सुनवाई प्रक्रिया के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इन दलों को डीलिस्ट करने का प्रतिवेदन निर्वाचन आयोग को भेजेंगे। अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा।




### निष्क्रिय दलों पर चुनाव आयोग की सतर्क निगरानी

निर्वाचन आयोग का कहना है कि पंजीकृत अप्रमाणित राजनीतिक दलों की समीक्षा करना एक नियमित प्रक्रिया है। निष्क्रिय, अस्तित्वहीन या फर्जी गतिविधियों में संलिप्त दलों को सूची से हटाकर चुनाव प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बनाए रखना आयोग की प्राथमिकता है। इस कदम से यह भी सुनिश्चित होगा कि राजनीतिक दलों का पंजीकरण केवल वैध राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित रहे और इसका दुरुपयोग न हो।

### छत्तीसगढ़ के इन दलों को नोटिस

छत्तीसगढ़ एकता पार्टी, तहसील मालखरौदा, जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा दल्ली राजहरा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ समाजवादी पार्टी अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ संयुक्त जातीय पार्टी रायपुर, छत्तीसगढ़ विकास पार्टी रायपुर, पृथक बस्तर राज्य पार्टी रायपुर, राष्ट्रीय आदिवासी बहुजन पार्टी भिलाई, जिला दुर्ग, राष्ट्रीय मानव एकता कांग्रेस पार्टी रायपुर, राष्ट्रीय समाजवादी स्वाभिमान मंच भिलाई, जिला दुर्ग शामिल हैं।

---

जातिगत जनगणना दो चरणों में होगी पूरी

# पिंगुआ छत्तीसगढ़ में जनगणना कार्य के नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर। आगामी जनगणना 2026 की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। इस कड़ी में राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव आईएएस मनोज पिंगुआ को जनगणना कार्य के लिए राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वे राज्य में जनगणना से जुड़ी सभी गतिविधियों का समन्वय और निगरानी करेंगे।

उनकी नियुक्ति के बाद छत्तीसगढ़ में जनगणना कार्य की दिशा में प्रशासनिक तैयारियों को गति मिलेगी। राज्य स्तर पर डेटा संग्रह, अधिकारियों का प्रशिक्षण, जन जागरूकता और तकनीकी



ढांचे के विकास जैसे कार्यों में तेजी लाई जाएगी। केंद्र सरकार ने इस बार जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया है, जो दो चरणों में की जाएगी। पहला चरण हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन का होगा। यह चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती, उनके भौतिक स्वरूप, सुविधाओं और संसाधनों की जानकारी इकट्ठा की जाएगी। दूसरे चरण में जनगणना संचालन इस चरण में प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से जुड़ी विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी।

### 2011 के बाद पहली बार होगी जातिगत जनगणना

उल्लेखनीय है कि भारत में पिछली बार 2011 में जातिगत जनगणना की गई थी। इसके बाद कोविड-19 के चलते 2021 की जनगणना टल गई थी। अब 16 साल बाद यह जनगणना देश की सामाजिक संरचना, संसाधन वितरण और कल्याणकारी योजनाओं की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**खबर संक्षेप**

## प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम, आज निकलेगी कलश यात्रा



**रायपुर।** ढीमरपारा, शिव विहार कॉलोनी, बोरियाखुर्द में दो दिवसीय, 2 से 3 जुलाई तक भगवान श्रीराम जानकी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 2 जुलाई को सुबह 10 बजे भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा कार्यक्रम स्थान से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजनकर्ता महेन्द्र विश्वकर्मा, तुलसराम तारक ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन 3 जुलाई को सुबह 10 बजे मंदिर में पूजा अर्चना कार्यक्रम रखा गया है जिसमें आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से श्रीराम जानकी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।

## भाजपा नेता चौबे ने मठपुरैना में किया लॉज का उद्घाटन



**रायपुर।** नए बस स्टैंड भाठागांव मठपुरैना में विलिना लॉज का उद्घाटन राजधानी के महापौर के पति भाजपा नेता छगन चौबे ने किया। समारोह की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने की। इस अवसर पर पार्षद मनोज वर्मा, राजेश देवांगन, गोपाल वर्मा, दयालु राम देवांगन, झुमुक लाल यादव, नंदू सोनकर समेत अनेक सामाजिक प्रतिनिधि तथा व्यवसायी उपस्थित रहे और विलिना लॉज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लाज के संचालक चोवाराम देवांगन ने बताया कि लॉज में वातानुकूलित कक्ष का निर्माण किया गया है और सर्व सुविधायुक्त है।

**निधन**

### लता मोगरे



**रायपुर।** वीरभद्र नगर निवासी लता मोगरे (45) का 30 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे विद्या मोगरे की पत्नी, मनीष, तुलसी, प्रेम और चुलबुली की माता थीं।

### मानिका देवांगन



**रायपुर।** कंकालीपारा निवासी मानिका देवांगन (80) का 1 जुलाई को निधन हो गया। वे युगल किशोर, कृष्ण कुमार, लक्ष्मण देवांगन की माता थीं।

# ब्लैक मास्क लगाकर जूडा ने मनाया डाक्टर्स डे, स्टाफ के लिए मांगा सुरक्षा और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय मेडिकल कालेज एवं आंबेडकर अस्पताल के जूनियर डाक्टरों ने ब्लैक रिबन और मास्क लगाकर मंगलवार को डाक्टर्स डे मनाया। उन्होंने अस्पतालों में चिकित्सकीय स्टाफ के साथ होने वाली हिंसा पर चिंता जताई। 'हेल्थ केयर प्रोफेशन में हिंसा' विषय पर संगोष्ठी के दौरान उन्होंने कहा, चिकित्सा पेशे से जुड़े लोगों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

**अलग खबर**

आंबेडकर अस्पताल में रविवार रात डाक्टरों के साथ हुई मारपीट और पूर्व में नारायणपुर में महिला चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार के अलावा पुरानी घटनाओं के ध्यान में रखते हुए जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया। ब्लैक मास्क और रिबन पहनकर डाक्टरों ने संदेश दिया कि चिकित्सा पेशे से जुड़े लोगों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं सरकारी अस्पतालों में भारी दबाव में काम करने वाले डाक्टरों को हतोत्साहित करता है। इसका सीधा असर अस्पताल आने वाले मरीजों के इलाज पर होता है।

## हेल्थ केयर प्रोफेशन पर हिंसा पर जाहिर की चिंता, अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने पर जोर



### महिला डाक्टर से मांगी माफी

नारायणपुर जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. जयश्री साहू से दुर्व्यवहार के मामले का पटाक्षेप हो गया है। चिकित्सकीय संगठनों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के बाद अपमानजनक टिप्पणी करने वाले एडिशनल कलेक्टर ने माफी मांग ली है। सीडा के अध्यक्ष डॉ. इकबाल हुसैन ने बताया कि एडिशनल कलेक्टर द्वारा डॉक्टर कम्युनिटी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद विभिन्न संगठनों ने मोर्चा खोल दिया था और इसे राज्य स्तर पर विस्तारित करने की योजना थी।

## 60 फीट की सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने 15-15 फीट तक सामान रखकर 30 फीट कर दी

# मालवीय रोड से एवरग्रीन चौक होते हुए शास्त्री बाजार तक की सड़क को किया कब्जा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के मालवीय रोड से चिकनी मंदिर होते हुए एवरग्रीन चौक से शास्त्री बाजार की सड़क अब चकाचक दिखने लगी है। 60 फीट की सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने जहां 15-15 फीट की सड़क घेरकर दुकान के सामान डिसप्ले बोर्ड और ठेले में सामान सजा रखे थे, उसे नगर निगम की टीम ने कड़ाई दिखाते हुए सड़क से हटा दिया। 5 दुकानदारों द्वारा सड़क पर कब्जा जमाकर रखे गये सामान और ठेलों को जब्त कर लिया। निगम के इस अभियान से जहां शहर के व्यस्त मार्ग की सड़क चौड़ी दिखने लगी है, वहीं आम नागरिकों को ट्रैफिक जाम से राहत मिली है। यही नहीं, सड़क घेरकर कारोबार करने वालों की वीडियोग्राफी भी निगम करवा रहा है।

- 5 दुकानों के सामान सड़क से जब्त, ठेले भी हटाए
- टीम प्रहरी ने पुलिस प्रशासन और नगर निवेश टीम के साथ चलाया संयुक्त अभियान



महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश के बाद भी मालवीय रोड, एवरग्रीन चौक बैजनाथ पारा और शास्त्री बाजार मार्ग में सड़क घेरकर सामान रखने वाले नहीं चेते हैं। मंगलवार को रायपुर नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता टीम ने मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने पुलिस बल के साथ अभियान चलाया, जिसमें मालवीय रोड में बार-बार समझाइश देने के बाद भी सड़क घेरकर कब्जा जमाते हुए सामान रखने वाले दुकानदारों के सामान जब्त किये। वहीं सड़क पर कब्जा कर रखे गये ठेलों को जप्त करने निगम अमले ने तत्परता बरती। निगम के इस अभियान से मालवीय रोड, एवरग्रीन चौक बैजनाथपारा, शास्त्री बाजार में यातायात सुगम होने के साथ चौड़ी सड़क मिलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

### बाजार क्षेत्र में दल बल के साथ घूमती रही गाड़ी

*टीम प्रहरी मालवीय रोड से चिकनी मंदिर होते हुए एवरग्रीन चौक होते हुए शास्त्री बाजार क्षेत्र में सड़क पर किये गये अतिक्रमण हटाने दल-बल के साथ घूमती रही। निगम के अधिकारियों का कहना है कि सड़क लोगों के चलने के लिए बनायी गयी है। इसलिए सड़क घेरकर यातायात बाधित करना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने में लोगों का सहयोग मांगा गया।*

# समता एक्सप्रेस में 3.24 लाख रुपए का गांजा बरामद, दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ और जिला आबकारी विभाग रायपुर की संयुक्त कार्रवाई में मंगलवार को दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। टीम ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान के दौरान दोनों आरोपियों को समता एक्सप्रेस की जनरल बोगी से पकड़ा। उनके कब्जे से कुल 12.960 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत लगभग 3.24 लाख आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक मीणा, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम सुमरेरा, थाना रघुनाथपुर, जिला श्योपुर, मध्यप्रदेश और राम कुमार रावत, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम सापैर, थाना बीरपुर, जिला श्योपुर मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने गांजा उड़ीसा के काटाबांजी से बस के माध्यम से रायपुर लाया था। इसके बाद समता एक्सप्रेस में जनरल टिकट लेकर ग्वालियर (म.प्र.) ले जाने की योजना थी, लेकिन इससे पहले ही आरपीएफ और आबकारी विभाग की टीम ने उन्हें धर दबोचा।

### ट्रॉली बैग में मिला 6-6 बंडल गांजा

प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि रेलवे परिसर में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए ऐसी संयुक्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। यह अभियान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल रमन कुमार के दिशा निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर के प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर, उप निरीक्षक डी.के. शास्त्री, उप निरीक्षक एजेड चौधरी व अन्य बल सदस्यों ने आबकारी विभाग रायपुर के सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादुर कुर्रे, निरीक्षक प्रकाश देशमुख, निरीक्षक कौशल सोनी व उनके दल के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाया।

**पेज 11 के शेष**

**छंटने लगे काले बादल...**

चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है। भारी बारिश ना होकर केवल हल्की बूंदाबांदी के बाद भी प्रदेश का तापमान 30 डिग्री के आस-पास ही है। मंगलवार को सर्वाधिक तापमान बिलासपुर में 31.9 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 21 डिग्री राजनांदगांव में रहा। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री कम 29.4 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री कम 23.8 डिग्री दर्ज किया गया।

**20 साल बाद...**

एजाज ढेबर महापौर निवास के रूप में इस बंगले में रहे। अबकि बार महापौर मीनल चौबे शहर के नलघर चौक वाले पारंपरिक महापौर बंगले में नहीं रहेंगी। उनके लिए साइंस कालेज कैंपस वाला बंगला तैयार किया जा रहा है। बंगले के रंगरोगन का काम पूरा हो गया है। साथ ही अंदरूनी क्षेत्र की मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग करा रहा है। जनता की सुविधा के लिए इस बंगले के दरवाजे पर महापौर के नाम का बोर्ड लगकर तैयार है। वहां आने वाले दिनों में नगर निगम से संबंधित मूलभूत कार्यो के सिलसिले में शहर की आम जनता महापौर से मिल सकेगी। उन्हें महात्मा गांधी सदन के मेयर कक्ष या नलघर चौक के पुराने बंगले की दूरी तय नहीं करनी होगी। विदित हो, डेढ़ दशक बाद शहरी सत्ता में भारतीय जनता पार्टी की धमाकेदार वापसी के साथ ही प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम में महापौर मीनल चौबे सहित 61 भाजपा के पार्षद चुनाव जीतकर आए और शहरी सत्ता में काबिज होते ही दो दशक से चली आ रही परिपाटी को बदलते हुए नलघर चौक के पास स्थित महापौर बंगला की जगह साइंस कालेज कैंपस के बंगले को महापौर के लिए एलाट किया गया है। वहीं पुराने महापौर बंगले का क्या होगा, यह अभी तय नहीं हुआ है।

**हत्या का प्रयास-लूट...**

पुलिस ने इस मामले में अजय यदु को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, वहीं दंपति फरार चल रहे थे। पुलिस फरार दंपति की तलाश में थी।

**ट्रेन में फरार होने चढ़े थे दंपति-** इधर पुलिस ने फरार दंपति के फोटो वायरल कर नागपुर पुलिस को भी इसकी सूचना दी थी। इस सूचना पर नागपुर की आरपीएफ टीम ने दंपति को नागपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन से गिरफ्तार किया। बताया गया कि दंपति नागपुर में पकड़े जाने के डर से ट्रेन से दूसरे शहर जाने के फिराक में चढ़े थे, लेकिन इससे पहले ही दोनों पकड़े गए। दोनों के विरुद्ध धारा 109(1), 309(6), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**पत्नी हिस्ट्रीशीटर, पति भी कई मामलों में जा चुका जेल-** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दंपति में मुस्कान रात्रे मौदहापारा की हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले थाने में दर्ज हैं। इसी प्रकार उसका पति प्रिंस भी आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। उसके विरुद्ध भी कबीर नगर थाने में अपहरण एवं नारकोटिक एक्ट सहित अन्य मामले दर्ज हैं। इन मामलों में वह जेल भी जा चुका है।

**पीएम आवास में...**

निर्धारित राशि जमा कर दी थी। इसके बाद भी आवास आवंटन में हो रही देर को लेकर उन्होंने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप से भी गुहार लगाई। इसके बाद भी इन्हें आवंटित आवासों में कब्जा नहीं मिल पाया। जनशिकायत के बाद मंगलवार को निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम जोन 10 की टीम ने कड़ाई बरती और पुलिस प्रशासन की टीम के साथ स्थल पर पहुंचकर सुबह 11 बजे से डेढ़ बजे तक कड़ी मशक्कत के बाद कब्जाधारियों को भगाने में सफल रही। इस दौरान निगम की टीम को कब्जाधारियों के हिंसक व्यवहार का भी सामना करना पड़ा। अवैध कब्जा करने वाले परिवार की महिलाओं ने भी टीम प्रहरी को पत्थर और रॉड लेकर धमकाया। टीम प्रहरी में शामिल दबंग महिलाओं ने स्थिति संभालते हुए उत्पात मचा रही महिलाओं को नियंत्रित कर स्थिति संभाली। इन मकानों को खाली करवाकर मूल मालिकों को कब्जा दिलवाया। इसके साथ ही जोन 10 की नगर निवेश टीम ने मठपुरैना मुख्य मार्ग पर अभियान चलाकर अवैध दुकानों और ठेले-खोमचों को हटाने की कार्रवाई भी की।

# डोडा का बड़ा कारोबारी गिरफ्तार, राजस्थान से लाकर कार-एक्टिवा में घूमकर करता था बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीला पदार्थ डोडा का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1.252 किलोग्राम डोडा के साथ लगभग दो लाख रुपए, कार, स्कूटी एवं मोबाइल जब्त किया है। आरोपी राजस्थान का रहने वाला है और डोडा राजस्थान से तस्करी कर रायपुर लाता था तथा यहां कार और स्कूटी से घूम-घूमकर ग्राहक तलाश कर उसे बेचा करता था। प्रारंभिक जांच में पुलिस को शक है कि आरोपी के डोडा का कारोबार करने वाले किसी बड़े गिरोह से तार जुड़े हो सकते हैं। राजस्थान एवं रायपुर में उसके कई ग्राहक बंधे भी हो सकते हैं, जिसे वे डोडा बेचा करता है। पुलिस इस मामले में इन दोनों एंगल से भी आरोपी के मोबाइल के कॉल डिटेल, मेसैज एवं वाट्सप ग्रुप से पता लगाने का प्रयास कर रही है, ताकि डोडा के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों सहित खरीदारों तक पहुंचा जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम ने 30 जून को हीरापुर टाटीबंध स्थित छठ तालाब सूर्य मंदिर के पास कार को पकड़कर उसकी तलाशी ली। कार में एक व्यक्ति था, जिसकी पहचान ओम प्रकाश शर्मा उर्फ पप्पू 53 वर्ष निवासी ग्राम रोजा तहसील अकलेरा थाना भालता जिला झालावाड राजस्थान के रूप में की गई। कार की तलाशी लेने पर उसमें से प्लास्टिक थैले के 6 पैकेट बरामद किए, जिसमें कुल 1.252 किलोग्राम डोडा भरा हुआ था। डोडा के साथ कार से 1 लाख 90 हजार 540 रुपए नकद तथा एक छोटा तराजू भी बरामद किया।



### आरोपी कई साल से इस कारोबार से जुड़ा

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोडा के साथ गिरफ्तार किया गया पप्पू इस नशीला पदार्थ के कारोबार में कई साल से जुड़ा हुआ है। इसे देखते हुए पुलिस आशंका जता रही है कि उसके तार डोडा का कारोबार करने वाले कई लोगों से जुड़े हो सकते हैं। इसे देखते हुए पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है, वहीं उसके जब्त मोबाइल के कॉल डिटेल, मेसैज भी खंगाल रही है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 15 नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## मोबाइल टॉवर के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन

**रायपुर।** श्री विहार, ओम विहार भाठागांव में मोबाइल टॉवर लगाने के विरोध में क्षेत्र के नागरिकों ने कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान नागरिकों ने मोबाइल टॉवर लगाने के निर्णय का विरोध करते हुए इसकी अनुमति निरस्त करने की मांग की। कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं, टॉवर की वजह से उत्पन्न होने वाली परेशानी और आवासीय भवन में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों की शिकायत की जांच के निर्देश दिए हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि मोबाइल से निकलने वाली तरंगों से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्यगत समस्या से भयभीत क्षेत्र के नागरिकों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए मोबाइल टॉवर की अनुमति निरस्त करने की मांग की गई है।

**//शपथ पत्र //**

**शपथकर्ता**:- सुमित कपूर पिता श्री राज कुमार कपूर, उम्र 42 वर्ष, निवासी-सी-22 डीडीयू नगर, सेक्टर-4, नियर केवी स्कूल रायपुर नं.-2, रायपुर, रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर (छ.ग.) मैं शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मैं अपने पुत्र कौस्तुभ कपूर(**KAUSTUBH KAPOOR**) उम्र 12 वर्ष, के समस्त शैक्षणिक अभिलेखों एवं शासकीय अभिलेखों में उसका नाम-कौस्तुभ कपूर (**KAUSTUBH KAPOOR**) है किन्तु टंकन त्रुटिवश कृषांग कपूर (**KRISHANG KAPOOR**) दर्ज हो गया है अब मैं अपने पुत्र का नाम-कौस्तुभ कपूर (**KAUSTUBH KAPOOR**) रखना चाहता हूं जिसके लिए मेरा पुत्र भी सहमत है। मेरा पुत्र वर्तमान में 12 वर्षीय नाबालिग है जिस कारण उसकी ओर से मेरे द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा हैं। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में जहां भी मेरे पुत्र का नाम-कृषांग कपूर (**KRISHANG KAPOOR**) दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर कौस्तुभ कपूर (**KAUSTUBH KAPOOR**) दर्ज कराना चाहता हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ। जिसके समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**- सत्यापन -**

मैं शपथकर्ता सुमित कपूर पिता श्री राज कुमार कपूर, उम्र 42 वर्ष, निवासी- सी-22, डीडीयू नगर, सेक्टर-4, नियर केवी स्कूल रायपुर नं.-2, रायपुर, रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर (छ.ग.) सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका क्र. 1 से 2 में किया गया कथन मेरी निजी जानकारी में सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 26.06.2025 को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

**:: आम सूचना ::**

दिनांक 01/07/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमिस्वामी शास्वतपुरी गोस्वामी पिता ओंकारपुरी गोस्वामी निवासी-तोरला, थाना व तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम तोरला प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 778/4 रकबा लगभग 70 डिसमील भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के **सात** दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जायेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा । एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा ।

दिनांक - 01/07/2025
स्थान- अभनपुर

**भवदीय**
**नागेन्द्र कुमार सिन्हा**
**अधिवक्ता अभनपुर**
**मो.नं. 9893906809**

**आम सूचना**

आवासीय परिवर्तित भूमि खसरा नं. 105/22 रकबा 3600 वर्गफुट वाके मौजा देवपुरी प.ह.नं. 73 रा.नि.म. रायपुर 10 डूमरतराई तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के संबंध में एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती संजना कौशल पति श्री भागवत कौशल निवासी मकान नंबर 15 डी पी होम्स कालोनी अमलीडीह रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता बैंक सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड रायपुर से निलामी के माध्यम से उनके हक आधिपत्य व स्वामित्व की आवासीय परिवर्तित भूमि खसरा नं. 105/22 रकबा 3600 वर्गफुट वाके मौजा देवपुरी प.ह.नं. 73 रा.नि.म. रायपुर 10 डूमरतराई तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को क्रय करने हेतु अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाकर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है। उक्त संपत्ति वर्तमान में राजस्व अभिलेखों में छत्तीसगढ़ पैकेजिंग देवपुरी द्वारा प्रो. एस बी शर्मा पिता स्व. आर. एल. शर्मा निवासी सुंदर नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है।

अतः उक्त संव्यहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, निगम, मंडल, अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पॉच दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

तदनुसार सूचना जाने

रायपुर
दिनांक 02.07.2025

**भवदीय**
**महेशमणी साहू (अधिवक्ता)**
**एफ एफ 47 डी-ई प्रथम तल श्याम प्लाजा**
**पण्डरी रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9425216457**



# 98 क्षेत्र जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील, समाधान के लिए 200 करोड़ का प्रस्ताव स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के डूबान प्रभावित 98 चिन्हांकित क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से लोगों को अब निजात मिलेगी। रायपुर नगर निगम द्वारा भारत सरकार के बाढ़ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को पूर्व में भेजे प्रस्ताव को केंद्र सरकार से स्वीकृति मिल गयी है। संबंधित राशि का आवंटन प्रक्रिया में है। नगर निगम ने शहर के जलभराव की समस्या निराकरण के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर केंद्र को भेजा था। इसमें जोन स्तर पर सर्वे कराने के बाद संबंधित क्षेत्रों को चिन्हांकित कर प्रभावित क्षेत्र की वार्डवार सूची बनाई गई। साथ ही जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान का सुझाव दिया गया। दरअसल, राष्ट्रीय शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन विकास प्रोजेक्ट के लिए देश के 9 चुनिंदा शहरों का चयन भारत शासन के बाढ़ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किया गया है। चयनित शहरों में भोपाल, भुवनेश्वर, गौहाटी, जयपुर, कानपुर, त्रिवेंद्रम, पटना, विशाखापटनम और रायपुर शामिल है। बाढ़ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 9 मई 2024 को पत्र के माध्यम से रायपुर नगर निगम से डूबान क्षेत्रों की सूची और इस समस्या के स्थायी समाधान के सुझाव मांगे थे।

## रायपुर नगर निगम ने 8 माह पूर्व केंद्र को भेजा था 200 करोड़ रुपए का प्रस्ताव

**जलभराव के लिए इन इलाकों को किया है चिन्हांकित**

- मोवा अंडरब्रिज से जब्बार नाला वाला क्षेत्र
- शंकरनगर वार्ड का अशोका टावर इलाका
- आनंद नगर के पास मौली पारा
- चूड़ीलाइन गोलबाजार – जहां दुकानों में बारिश का पानी भरता है
- कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर के आसपास का क्षेत्र, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर एरिया, हनुमान नगर, प्रयाग नगर प्रियदर्शिनी नगर
- व्हाइट वुड इटालिया के सामने
- उद्योग भवन से तेलीबांधा ब्रिज तक
- गोकुलनगर, अक्षत विहार, शाश्वत नगर
- बूढ़ेश्वर मंदिर से एमआर रोड ब्रम्हपुरी तक
- एनआईटी के सामने वाला क्षेत्र
- समता–चौबे कालोनी मुख्य मार्ग से कृष्णा टाकीज मोड़ तक
- भाठागांव में आछी तालाब अंतिम छोर से मुख्य नाला तक
- पीहर मैरिज पैलेस से खारुन नदी के समीप एसटीपी आउटलेट तक
- भाठागांव काठाडीह मुख्य मार्ग से नदी के पास स्थित एसटीपी तक
- दलदल सिवनी द्वारिका विहार, दयानगर, अवनिविहार, मोवा की दुबे कालोनी और मोवा ओवरब्रिज इलाका।
- लभांडी बस्ती, सांई नगर जोरा,तेलीबांधा थाना के सामने
- विधायक विश्राम गृह के पास
- मेडिसाइन हास्पीटल से महात्मा गांधी नगर तक
- रिंग रोड नंबर 2 गोगांव, सीतानगर गोगांव, गंगा नगर रेल्वे लाइन के आसपास
- सेंधवापारा, न्यू आनंद नगर नया बाजार इलाका, खमतराई बाजार क्षेत्र। इसी तरह अन्य इलाकों में वार्डवार जलभराव प्रभावित क्षेत्रों को चिंहाकित किया गया है।

**जलभराव से राहत की उम्मीद**

राष्ट्रीय बाढ़ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में भेजे गये प्रस्ताव को केंद्र से स्वीकृति मिली है। राशि एलाटमेंट प्रक्रिया में है। उम्मीद है शहर को यह राशि जल्द मिल जाएगी। इससे डूबान प्रभावित क्षेत्र के रहवासियों को राहत मिलेगी। साथ ही शहर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा।

- **मीनल चौबे,** महापौर, रायपुर नगर निगम

## खबर संक्षेप

### निगम प्लेसमेंट यूनियन ने महापौर से की मुलाकात

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने वेतन विसंगति को लेकर मंगलवार को महापौर मीनल चौबे से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एंटीट कंसलटेंट संस्था के माध्यम से बिना प्रशासनिक स्वीकृति के प्लसेमेंट पर कर्मचारी रखकर 45 हजार से 90 हजार के भुगतान किये जाने पर ऐतराज जताया। उनका कहना है कलेक्टोरेट दर पर रखे गये प्लेसमेंट कर्मचारियों को निर्धारित दर पर वेतन भुगतान का नियम है, फिर प्राइवेट संस्था एंटीट कंसलटेंट के माध्यम से रखे गये कर्मचारी को बिना प्रशासनिक स्वीकृति के अनाप-शनाप वेतन क्यों दिया जा रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए। प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ नगर निगम रायपुर के अध्यक्ष संजय ऐडे ने महापौर से कहा कि कलेक्टर द्वारा जारी निर्धारित कलेक्टर दर पर ही वेतन भुगतान किये जाने का नियम है।

### नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी 5 को देंगे सीएम हाउस के सामने धरना

**रायपुर।** नगरीय निकाय के कर्मचारी अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 5 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास के सामने धरना देंगे। नव नियुक्त कर्मचारी अधिकारी संघ के आव्हान पर दोपहर 12 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया जायेगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि नगरीय निकाय के नियमित नव नियुक्त कर्मचारी अधिकारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से परेशान हैं।जबकि प्रतिमाह की 1 तारीख को नगरीय निकाय के कर्मचारियों को वेतन भुगतान सुनिश्चत हो। श्री सोनी का कहना है कि 80 फीसदी नगरीय निकाय के कर्मचारियों को 1 से 5 माह तक का वेतन नहीं मिला है। इसके चलते कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट उठ खड़ा हुआ है। इसी तरह नगरीय निकायों में अन्य विभाग की भांति शीघ्र पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाये।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कोविड महामारी में दिवंगत डाक्टरों के परिजनों का सम्मान

# चिकित्सकों की सेवा भावना का स्वस्थ छग के निर्माण में अटूट योगदानः साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण में चिकित्सकों की सेवा भावना का अटूट योगदान है। फिर चाहे वह कोरोना महामारी का संकट रहा हो या दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की चुनौती। हमारे डॉक्टरों ने हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। हम उन महान लोगों को कभी नहीं भूल सकते जिन्होंने कोरोना जैसी बड़ी महामारी के दौरान अपना फर्ज निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने यह बातें राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कोविड महामारी में दिवंगत हुए 14 डाक्टरों के परिजनों के सम्मान समारोह में कही।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजन न केवल चिकित्सा समुदाय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूता रहेगा। हम सब जानते हैं कि डॉक्टरों का जीवन आसान नहीं होता। उनके साहस और समर्पण के कारण हमारा समाज सुरक्षित और स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर कोविड-19 के दौरान सेवा देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए 14 चिकित्सकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके परिजनों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

### स्वास्थ्य विभाग जीवन रक्षक प्रणाली : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग केवल एक सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि जीवन रक्षक प्रणाली है। संकट के समय जब सभी लोग घरों में सुरक्षित रहने का प्रयास कर रहे थे, तब हमारे डॉक्टर अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा में जुटे रहे। यह अदम्य साहस और समर्पण ही उनकी असली पहचान है। हमारी सरकार की यह स्पष्ट नीति है कि हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें और हर डॉक्टर को पूरा सम्मान और सहयोग मिले। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे इसी जज्बे और मानवीय संवेदना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें।

### एमबीबीएस छात्रों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के दौरान कालेज में हास्टल सुविधा की मांग को लेकर मेडिकल कालेज के एमबीबीएस छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपनी परेशानी बताई कि हास्टल नहीं होने की वजह से उन्हें किराये के मकान में रहना पड़ता है। इसकी वजह से उन्हें आर्थिक समस्या के साथ मानसिक और शारीरिक दिक्कत भी उठानी पड़ रही है। अपने ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि कालेज प्रबंधन की ओर से उन्हें हास्टल निर्माण होने तक पर्याप्त आवास उपलब्ध कराया जाए या फिर उन्हें किराया भत्ता प्रदान किया जाए। एमबीबीएस के साथ बीडीएस के छात्रों ने स्टाइपेंड बढ़ाने और नर्सिंग छात्राओं ने एग्जाम फीस में बढ़ोतरी पर अपनी आपत्ति जताई।

# प्राचार्य पदोन्नति फोरम ने संचालनालय से न्यायालय तक लड़ाई लड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की डबल बेंच में न्यायमूर्ति रजनी दुबे एवं न्यायमूर्ति अमितेंद्र कुमार प्रसाद ने 17 जून को अंतिम सुनवाई कर रखे गए सुरक्षित फैसले को 1 जुलाई को जारी कर प्राचार्य पदोन्नति के विरुद्ध लगाई गई तेरह याचिकाओं को खारिच कर दिया। साथ ही शासन द्वारा की गई प्राचार्य की पदोन्नति को नियमों के तहत मानते हुए शासन को भर्ती पदोन्नति नियम की कंडिका 15 में आंशिक संशोधन करने का सुझाव देकर पदोन्नति पर लगी रोक को हटा दिया है। छत्तीसगढ़ प्राचार्य पदोन्नति फोरम के अनिल शुक्ला एवं राकेश शर्मा ने बताया कि न्यायालयीन फैसले के बाद स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 30 अप्रैल 2025 को व्याख्याता एवं प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय से प्राचार्य पदोन्नति के कुल 2813 प्राचार्य की पदस्थापना आदेश शीघ्र जारी हो जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य के कुल स्वीकृत पदों की संख्या 4690 है, जिसमें वर्तमान में 1430 प्राचार्य कार्यरत हैं। इसी तरह पदोन्नति के कुल 3224 पद विगत कई वर्षों से रिक्त हैं। स्कूल शिक्षा में वर्ष 2016 एवं आदिम जाति कल्याण विभाग जो कि अब स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन है, उसमें वर्ष 2013 में अंतिम बार पदोन्नति हुई थी, विगत दस वर्षों से प्राचार्य की पदोन्नति नहीं होने के कारण चार संगठनों ने प्राचार्य पदोन्नति फोरम का गठन करते हुए 17 दिसंबर 2024 को इंद्रावती एवं महानदी भवन के समक्ष बड़ी संख्या में शामिल होकर प्रदर्शन कर शासन पर प्राचार्य पदोन्नति का दबाव बनाया। शासन ने प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जारी कर दिया, तो पदोन्नति के विरुद्ध उच्च न्यायालय में लगाई गई समस्त याचिकाओ के विरुद्ध, प्राचार्य पदोन्नति फोरम ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर उच्च न्यायालय के सात अधिवक्ताओं के माध्यम से अपना पक्ष रखा। प्राचार्य पदोन्नति फोरम के अनिल शुक्ला, राकेश शर्मा, आरके झा, श्याम कुमार वर्मा एवं मलखम वर्मा ने उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का स्वागत करते हुए इसे सत्य की जीत कहा है।

- प्रदेश के 2813 विद्यालय में प्राचार्य होंगे पदांकित

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर में डॉक्टर्स डे और सीए डे का भव्य आयोजन

**रायपुर।** उन्नत कैंसर उपचार केंद्र बालको मेडिकल सेंटर ने डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) डे उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर चिकित्सा और वित्तीय क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाले विशेषज्ञों का सम्मान किया गया।



इस वर्ष डॉक्टर्स डे की थीम 'हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स' रही, जो चिकित्सा जगत के नायकों की संवेदनशीलता और समर्पण को दर्शाती है। समारोह के दौरान बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने डॉक्टरों और सीए की निष्ठा और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि हमारे डॉक्टर और सहयोगी निस्वार्थ भाव से दिन-रात मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं। इनकी मेहनत और ईमानदारी ही बालको को एक विश्वसनीय कैंसर देखभाल संस्थान बनाती है।

### आंजनेय विश्वविद्यालय में कॅरियर काउंसिलिंग सत्र का सफल आयोजन

**रायपुर।** आंजनेय विश्वविद्यालय राज्य के 16वें निजी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित है। 25 एकड़ में फैले इस हरित और आधुनिक परिसर में फोरेंसिक साइंस, फिल्म निर्माण, फैशन डिजाइन, पत्रकारिता और होटल मैनेजमेंट जैसे समकालीन व रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम हैं। विश्वविद्यालय में हाल ही में कॅरियर काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें



डायरेक्टर डॉ. जयेंद्र नारंग ने छात्रों को उनके पाठ्यक्रमों से जुड़ी संभावनाओं व उद्योग की जरूरतों पर विस्तृत जानकारी दी। सत्र में विशेष जोर कौशल विकास, रोजगार अवसरों और कॅरियर की स्पष्टता पर दिया गया। कार्यक्रम में कवर्धा, बेमेतरा, बिलासपुर, जांजगीर, चांपा और कोरबा से आए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने संदेहों का समाधान भी प्राप्त किया। डॉ. नारंग ने कहा, ऐसे काउंसिलिंग सत्र छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें अपने कॅरियर की योजना स्पष्ट रूप से बनाने में मदद करते हैं।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने डॉक्टरों का किया सम्मान

**रायपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रायपुर अंचल कार्यालय द्वारा शहर के प्रमुख अस्पतालों में डॉक्टरों का सम्मान किया गया।



अंचल प्रमुख बीआर रामकृष्ण नायक के नेतृत्व में बैंक के अधिकारियों ने बालाजी अस्पताल, हेरिटेज अस्पताल सहित अन्य चिकित्सा संस्थानों का दौरा किया और वहां कार्यरत डॉक्टरों से मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र नायक, डॉ. संजय पांडेय, डॉ. भोई, डॉ. यश सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों को गुलाब के फूल भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। बैंक के अंचल प्रमुख रामकृष्ण नायक ने दिन-रात समर्पित होकर आशा की किरण दिखाने और अनगिनत जिंदगियां बचाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### एमएम स्कूल में डॉक्टर्स दिवस और सीए दिवस का शानदार उत्सव

**रायपुर।** एमएम स्कूल में मंगलवार को डॉक्टर्स डे और सीए डे का उत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। 'गार्डियंस ऑफ हेल्थ' और 'गार्डियंस ऑफ वेल्थ थीम पर आधारित इस संयुक्त कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया।



स्कूल की पूर्व छात्रा भूमिका कुकरेजा, जिन्होंने हाल ही में कमर्शियल पायलट का लाइसेंस प्राप्त किया, उनको भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का संदेश दिया। प्रिंसिपल डॉ. संजय भट्टाचार्य ने अपने संबोधन में बच्चों को इन सम्मानित पेशों की मेहनत, समर्पण और उनके प्रति आदर की अहमियत बताई, जो हमारे आज और कल को संवारते हैं।

### संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल में रोटरी क्लब ने किया डॉक्टर्स का सम्मान

**रायपुर।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब रायपुर नॉर्थ के सौजन्य से संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर में एक विशेष कैंसर जागरूकता एवं चिकित्सक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस गरिमामयी आयोजन में शहर के प्रमुख चिकित्सकों ने भाग लिया और आमजन को कैंसर की समय पर पहचान एवं नवीनतम उपचार विकल्पों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब रायपुर नॉर्थ के अध्यक्ष नवीन शर्मा एवं सचिव आकाश लूनिया ने की। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. यूसुफ मेमन ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉक्टरों को समाज की रीढ़ बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब एवं संजीवनी हॉस्पिटल द्वारा सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे धूमधाम से मनाया

**रायपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अस्पताल के समर्पित चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करना और उनके योगदान को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत हल्के-फुल्के मनोरंजक खेलों से हुई, जिनमें डॉक्टरों और स्टाफ को न सिर्फ सक्रिय रूप से जोड़ा, बल्कि एक पारिवारिक माहौल भी रचा। पूरे आयोजन के दौरान डॉक्टरों के चेहरों पर मुस्कान और आपसी सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम में एक विशेष केक कटिंग सेरेमनी भी रखी गई, जिसमें अस्पताल प्रबंधन, वरिष्ठ चिकित्सकों और अन्य विभागों के डॉक्टर्स ने एक साथ भाग लिया।

### लीलास पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में

**रायपुर।** लीला देवी समूह द्वारा संचालित प्रतिष्ठित लीलास पब्लिक स्कूल, मोतीपुर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। सीबीएसई, नई दिल्ली से संबद्ध यह विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता और आधुनिक संसाधनों के लिए जाना जाता है।



विद्यालय की प्राचार्या अर्चना मिश्रा ने जानकारी दी कि लीलास पब्लिक स्कूल न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। विद्यालय का भव्य एवं आधुनिक परिसर रायपुर से सटे मोतीपुर में स्थित है, जिसमें अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, विशाल पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, खेल के लिए विशेष परिसर और अनुभवी शिक्षकों की टीम उपलब्ध है। वर्षों से यह संस्थान इस क्षेत्र के अग्रणी विद्यालयों में गिना जाता है। छात्रों के शानदार बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता, और खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन लीलास पब्लिक स्कूल की उपलब्धियों में शामिल हैं।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने किया चिकित्सकों का सम्मान, दी विशेष ऋण सुविधाएं


**रायपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रायपुर अंचल की 58 शाखाओं ने क्षेत्र के चिकित्सकों का भव्य सम्मान किया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा चिकित्सकों के प्रति अपनी कृतज्ञता और समर्थन को और सुदृढ़ करते हुए उनके लिए विशेष ऋण सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। इनमें कम ब्याज दरों पर विविध ऋण योजनाएं शामिल हैं, जो चिकित्सकों की व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु विशेष रूप से तैयार की गई हैं।



# जीएसटी डे समारोह में शामिल हुए चैंबर के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय जीएसटी कार्यालय भवन, टिकरापारा में जीएसटी डे समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चैंबर के पदाधिकारियों ने सेन्ट्रल जीएसटी आयुक्त महावीर प्रसाद मीणा एवं सेन्ट्रल जीएसटी आयुक्त अपीलेट अशोक कुमार पांडेय सहित जीएसटी टीम को शुभकामनाएं दी।




जीएसटी डे पर आयोजित कार्यक्रम में चैंबर के वॉयस चेयरमैन चेतन तारवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यापारी देश के जीएसटी कलेक्शन का मुख्य स्तंभ है। इसीलिए सर्वे के दौरान व्यापारी को प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए। चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीएसटी कलेक्शन में ग्रोथ व्यापारी की देश के प्रति निष्ठा को दर्शाता है। करदाता व्यापारी का सम्मान होना चाहिए। कार्यक्रम में चैंबर कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, सीए रवि ग्वालानी,योगेश वल्यानी, सलाहकार अशोक मलानी, वॉयस चेयरमेन सीए चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, उपाध्यक्ष राजेश पोपटानी, टी श्रीनिवास रेड्डी, नरेश हरचंदानी, जवाहर थारानी, मंत्री प्रशांत गुप्ता एवं डूमर तराई थोक बाजार अध्यक्ष प्रेम पाहुजा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# डॉ. आंबेडकर ने संत कबीर को अपना गुरु माना : अठावले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा और अनेकों सामाजिक संगठन की ओर से सतगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन पंडरी तराई स्थित सतगुरु कबीर सत्संग दसमेश गार्डन में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कबीरपंथ समाजजन कार्यक्रम में शामिल हुए। अतिथियों का शॉल और श्रीफल से स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तथा रिपब्लिकन पॉर्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास अठावले ने अपने उद्बोधन में कहा, सतगुरु कबीर साहब के आदर्श विचार और मिशन देशभर में स्थापित तर्कशील अध्यात्म रहा। उनके द्वारा दिया गया मानव एकता का संदेश आज भारत के संविधान में डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने कानून का स्वरूप दिया और सतगुरु कबीर साहब को अपना आदर्श गुरु माना। मुझे जो आप लोगों ने सतगुरु कबीर पारख संस्थान की ओर से विकास के लिए ज्ञापन दिए, उसको निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री



विभिन्न तरीके से लागू कराऊंगा। इसी दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। यह कार्यक्रम के मुख्य संयोजक कुंती जांगड़े के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतगुरु कबीर पारख संस्थान के अध्यक्ष संत गुलाबदास साहेब ने की। कार्यक्रम में पूर्व पुलिस महानिदेशक संतकुमार पासवान, रिपब्लिकन पॉर्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रदेश प्रभारी अभिषेक वर्मा, ऊषा आपले, डॉ. ईश्वर दान आशिया, विनोद अग्रमोदी, अश्वनी क्षत्रीय, विष्णु नेगी, शैलेश सोमवंशी, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती, अग्रलाल जोशी, साखिर कुरैशी, सदानंद मारकण्डेय, केडी टंडन, स्वामी अभय दास भजन मंडली आदि शामिल थे।

### मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष बने डॉ. उमेश

छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग और किसान संगठन के नेता डॉ. महंत उमेश मानिकपुरी को मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा की प्रदेश महिला अध्यक्ष कुंती जागंड़े की अनुशंसा पर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती द्वारा अपने दो दिवसीय रायपुर प्रवास के दौरान 1 जुलाई को की गई है। उन्की नियुक्ति पर मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव क्रांति कुमार साव सहित सैकड़ों लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# हत्या की नीयत से हमला, सात वर्ष कारावास एवं दस हजार का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हत्या की नीयत से हमला करने के करीब डेढ़ साल पुराने एक मामले में कोर्ट ने एक आरोपी को सात वर्ष सश्रम कारावास और दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त तीन माह की सजा भुगतनी होगी। इसके अलावा आरोपी को आयुध अधिनियम के तहत एक वर्ष की सजा और 5 हजार रुपए की सजा भी सुनाई गई है। दोनों सजा साथ चलेंगी।



### तिल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम सरारीडीह का मामला

जिला सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा के न्यायालय में चल रहा हत्या के प्रयास का मामला नवंबर 2023 का है। इस घटना में आरोपी तीजराम टंडन ने तलवारनुमार हथियार से अश्विनी रात्रे पर हमला किया था, जिससे उसे गंभीर जख्म आए थे। घटना की रिपोर्ट उसके चचेरे भाई सुमारू रात्रे ने थाने में दर्ज कराई थी। इस मामले में कोर्ट में पेश किए तथ्यों और गवाहों के आधार पर न्यायाधीश ने तीजराम को दोषी पाते हुए सजा का आदेश जारी किया है।



02

1.40 लाख रोटरीयंस बना रहे सेवा की....

## जॉब लाइव

### टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल्स पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 4 जुलाई को

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र अंबिकापुर द्वारा 4 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प गंगापुर स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में आयोजित होगा, जिसमें निजी नियोजक जीनस पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंडियन कॉफी हाउस के एचआर नितिन भोई उपस्थित रहेंगे। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से टेक्निशियन इलेक्ट्रीकल्स/इलेक्ट्रॉनिक्स के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास एवं आईटीआई टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स पास निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को संभावित 15000 रुपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निशुल्क है तथा नियुक्ति की शर्तों के लिए नियोजक संस्था स्वयं जिम्मेदार होगी। जिला रोजगार कार्यालय की भूमिका केवल सुविधा प्रदाता के रूप में रहेगी। योग्य एवं इच्छुक आवेदकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ नियत तिथि को प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार का अवसर प्राप्त करें।




#### रेलवे में टेक्नीशियन के 6 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती

रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। दरअसल जो उम्मीदवार रेलवे में टेक्नीशियन के पदों पर नौकरी करने के लिए विज्ञापन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, अब वे उम्मीदवार टेक्नीशियन ग्रेड-I और टेक्नीशियन ग्रेड-III के पदों पर आवेदन कर सकते हैं। अगर आप भी रेलवे में टेक्नीशियन के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं तो आप आधिकारिक वेबसाइट **indianrailways.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही बोर्ड की ओर से 28 जुलाई रात 11.59 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवार आवेदन करने के बाद 30 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन फीस का भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदन में सुधार हेतु करेक्शन विंडो 1 अगस्त से 10 अगस्त 2025 तक ओपन रहेगी।

## सिटी इवेंट

### रोटरी क्लब का रक्तदान और डेंटल चेकअप कैंप



**रायपुर।** मंगलवार को रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस एवं रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में उद्धव फिजियोथैरेपी शंकर नगर में रक्तदान एवं डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 25 से अधिक क्लब की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, और जरूरतमंदों के लिए रक्तदान में सहयोग किया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में जरूरतमंद मरीजों को रक्त की पूर्ति करना और जरूरतमंद मरीजों की निशुल्क सेवा करना रहा।

#### जरूरतमंदों की सेवा करना शिविर का मुख्य उद्देश्य

शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को न केवल रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें रक्तदान करने के बाद उचित देखभाल और आराम भी दिया गया। इस अवसर पर एलिगेंस क्लब की वर्ष 2025-26 की अध्यक्ष रोटे. नीरू अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान एक जीवनदायिनी पहल है। इससे एक व्यक्ति कई अन्य जिंदगियों को बचा सकता है। ग्रेटर क्लब के अध्यक्ष रोटे. रितेश जिंदल ने बताया कि शिविर के माध्यम से संस्था अनेक सामाजिक कार्य को बढ़ावा देने का सफल योगदान करती हैं, जिससे कम से कम समय में ही लोगों को एकजुट कर सेवा दी जाती है। रक्तदान शिविर में प्राप्त रक्त को ब्लड बैंक और अस्पतालों में दिया जाएगा, जिससे मरीजों की मदद की जा सके।

● सावन उत्सव की तैयारी में जुटीं महिलाएं, साड़ियों और ज्वेलरी की दुकानों में बढ़ी रौनक

# हरियाली थीम पर सजा सावन बाजार, झूले से लेकर सोलह श्रृंगार तक महिलाओं में बढ़ा क्रेज

सुहागिन महिलाओं के लिए सावन का महीना किसी पर्व से कम नहीं होता। इस वर्ष सावन की शुरुआत 11 जुलाई से हो रही है और शहर में इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाएं इस बार सावन उत्सव को नए अंदाज में मनाने की तैयारी कर रही हैं। साथ ही बाजार भी सावन के रंग में पूरी तरह रंग चुका है।





**रायपुर।** महिलाएं इस बार खासतौर पर झूला सजाने के लिए हरे रंग के फूलों की एडवांस बुकिंग करा रही हैं। वहीं हरियाली की थीम में सजने के लिए सोलह श्रृंगार की चीजें जैसे झुमके, चूड़ियां, बिंदी, साड़ी और अन्य श्रृंगार सामग्री हरे रंग में विशेष रूप से खरीदी जा रही हैं। हरिभूमि से बातचीत में कई महिलाओं ने बताया कि वे सावन के पहले सोमवार से ही उत्सव की शुरुआत करेंगी। खास बात ये है कि इस बार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में सजकर महिलाएं कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। बाजार में थीम बेस्ट चीजों की बिक्री इन दिनों बढ़ गई है। सावन में झूले को भी आकर्षक रूप से सजाने की तैयारी है।

### लहरिया और मारवाड़ी ज्वेलरी का बढ़ा क्रेज

शहर की कनक शर्मा ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने हरे रंग की लहरिया साड़ी और मारवाड़ी ज्वेलरी के साथ उत्सव में शामिल होने की योजना बनाई है। कार्यक्रमों में पारंपरिक मारवाड़ी आउटफिट के साथ थीम-बेस्ड मेहंदी भी लगाई जाएगी। वहीं दीया मूलचंदानी का कहना है कि उनकी कॉलोनी में गार्डन और सावन झूला थीम पर आधारित आयोजन होंगे, जिसके लिए उन्होंने ग्रीन थीम पर सफेद जगरा प्रिंट वाली साड़ी तैयार कराई है।

**सावन** की तैयारी में जुटीं महिलाएं, साड़ियों और ज्वेलरी दुकानों में बढ़ी रौनक

### राजस्थानी, मारवाड़ी कुंदन ज्वलेरी की डिमांड

इन दिनों महिलाएं राजस्थानी, मारवाड़ी, कुंदन और वेस्टर्न ज्वेलरी खरीदना पसंद कर रही हैं। गोलबाजार से दुकान संचालक रोहन शाह ने बताया कि महिलाएं हैवी आउटफिट के साथ डिफरेंट लुक ज्वेलरी खरीदना पसंद कर रहे। दुकान में माथ बिंदिया और झुमका लाया गया है। महिलाएं एक ही डिजाइन और रंग के ज्वेलरी की खरीदी करना पसंद कर रही हैं।



### सावन मिलन को लेकर तैयारी जोरों पर

कॉलोनियों, महिला क्लबों और सामाजिक संगठनों की ओर से सामूहिक 'सावन मिलन' कार्यक्रमों की तैयारी भी जोरों पर है। इन आयोजनों में सावन झूला, हरे रंग की थीम पर आधारित ड्रेस कोड, गीत-संगीत, पारंपरिक खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। दुकानदारों के अनुसार, इस वर्ष महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए एक जैसे रंग और डिजाइन की साड़ियां, ज्वेलरी उपलब्ध कराई गई है, जो काफी लोकप्रिय हो रही है।

### चूड़ी दुकानों पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

सावन से पहले सुहागिन महिलाओं की खरीदारी शुरू हो गई है, जहां वे हरे रंग की चूड़ियां पसंद कर रही हैं। इन दिनों कांच की चूड़ी व कंगन की खरीदी सुहागिन महिलाएं करती हैं, जो सुहाग के रूप में अन्य महिलाओं को उपहार के तौर पर देना पसंद करती हैं। गोलबाजार, चूड़ी लाइन, टूरीहटरी, सुंदरनगर, गुढ़ियारी के बाजारों में मंगलवार को रौनक देखने को मिली।

# सांख्यिकी अध्ययन बेहतर कॅरियर विकल्प, भविष्य में किसी देश की शक्ति डाटा बैंक से आंकी जाएगी

**रायपुर।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय रायपुर शाखा द्वारा 19वें सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी सभागार में किया गया। प्रसिद्ध सांख्यिकीविद प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष थीम पर हुए इस समारोह में विचार-विमर्श, डाटा आधारित नीति निर्माण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। आरके श्रीवास्तव, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी, एनएसओ ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. के. सुब्रमण्यम, सदस्य, राज्य नीति आयोग, विशिष्ट अतिथि प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल कुलपति रविवि एवं प्रो. व्यास दुबे पूर्व विभागाध्यक्ष सांख्यिकी अध्ययनशाला एवं सदस्य, निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता अल्ताफ हुसैन हाजी, उपमहानिदेशक, एनएसओ ने की। इस अवसर पर एन. बुलीवाल, अतिरिक्त संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन, प्रो. निनाद बोधनकर, अध्यक्ष, सांख्यिकी अध्ययनशाला, प्रो. धर्मेंद्र कुमार गंगेश्वर और प्रो. प्रदीप चौरसिया भी उपस्थित रहे। इस वर्ष सांख्यिकी दिवस की थीम राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष रखी गई है, जिसका उद्देश्य डाटा की महत्ता, नीति निर्माण में आंकड़ों की भूमिका और युवा पीढ़ी में सांख्यिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। समारोह में राज्य आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय के अधिकारी, विश्वविद्यालय के छात्र-प्राध्यापक, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से प्रतिनिधि, एनएसओ रायपुर के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष थीम पर मनाया गया सांख्यिकी दिवस




### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पुरस्कार वितरण

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और विद्वानों द्वारा प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किए गए। विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में उत्साह का संचार हुआ। अपने संबोधन में अल्ताफ हुसैन हाजी ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए डाटा संचालित विकास पर विशेष बल दिया। वहीं प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि भविष्य में किसी देश की शक्ति उसके डाटा बैंक से आंकी जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को सांख्यिकी के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए इसके अध्ययन को कॅरियर विकल्प के रूप में अपनाने का सुझाव दिया। डॉ. के. सुब्रमण्यम ने अपने संबोधन में प्रो. महालनोबिस के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि डाटा देशव्यापी नीतियों के निर्माण में आधारशिला का कार्य करता है।

## श्याम सत्संग महिला मंडल प्रदर्शनी के धन से कराएगा कन्या विवाह

**रायपुर।** श्याम सत्संग महिला मंडल द्वारा फैशन ईरा लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का आयोजन 3 और 4 जुलाई को समता कॉलोनी स्थित भीमसेन भवन में आयोजित है। आयोजकों ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया जाएगा। वहीं अध्यक्ष संगीता सरावगी एवं सचिव राजश्री अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा पिछले 28 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है, जिससे संग्रहित होने वाली धनराशि को सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में खर्च किया जाता है। समिति द्वारा अब तक कन्याओं की शादी, गरीबों को मेडिकल सेवा, रक्तदान शिविर सहित प्रशिक्षण केंद्र का आयोजन निरंतर जारी है। साथ ही लघु उद्योग संचालित करने वाली स्वावलंबी महिलाओं को मंच देने के उद्देश्य से यह आयोजन कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। प्रदर्शनी में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से डिजाइनर पहुंच रही हैं, जहां राजधानीवासियों के लिए एक ही छत के नीचे लाइफस्टाइल और फैशन से संबंधित काफी वैरायटीज उपलब्ध रहेगी।




## आईसीएआई ने मनाया 77वां चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस, दिग्गज हुए सम्मानित

रायपुर। आईसीएआई की शाखा द्वारा मंगलवार को 77वां चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस भव्य रूप से मनाया गया। शाखा के अध्यक्ष विकास गोलछा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आईसीएआई ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके पश्चात गोसेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ एवं विशिष्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में उन सदस्यों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 75 वर्ष की आयु पूर्ण की है। 25 वर्ष का पेशेवर अनुभव पूर्ण किया है या फिर सामाजिक सेवा, राजनीति, उद्यमिता, बैंकिंग, पीएसयू आदि क्षेत्रों में विशेष योगदान दिया है। इस अवसर पर एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सीए विकास गोलछा, अध्यक्ष, आईसीएआई रायपुर शाखा ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में आईसीएआई के योगदान, जीएसटी व आयकर संग्रहण में वृद्धि, एवं विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने शाखा के वार्षिक थीम- सीए फॉर छत्तीसगढ़ ग्रोथ के अंतर्गत चल रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसमें निवेशकों को आमंत्रित कर, राज्य की औद्योगिक नीति के प्रति जागरूकता फैलाकर एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त किया जा रहा है।



### ये रहे मौजूद

*सदस्यों में सीए जीएस अग्रवाल, सीए अमित चिमनानी, सीए अमिताभ दुबे, सीए रितु जैन, सीए पीके जैन, सीए किशोर बड़िया, सीए रवि ग्वालानी, सीए चनवीर जुनेजा, सीए सतीश शर्मा, सीए रश्मीत सिंह, सीए राहुल खंडेलवाल, सीए अतुल हंसपाल, सीए अंकित अग्रवाल, सीए ऋद्धि जैन, सीए अंकित बंगड़, सीए अनुराग अग्रवाल, सीए अमित अग्रवाल, सीए अमृता व्यास, सीए निधि देशमुख शामिल रहे।प्रबंधन समिति से उपस्थित सदस्यों में सीए रश्मि वर्मा, सीए रवि जैन, सीए संस्कार अग्रवाल, सीए ऋषिकेश यादव, सीए शीतल कला, सीए शशिकांत चंद्राकर, सीए बंकिम शुक्ला, सीए राजेश गोलछा, सीए योगेश पुरोहित शामिल रहे।*



धर्म लाइव

## राज्य सरकार से 10 एकड़ जमीन की मांग सामाजिक स्तर पर जनसेवा करना उद्देश्य



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत कार्यालय में साईं वसण शाह दरबार उल्हास नगर के गद्दीनशीन संत कालीराम साईं व नागपुर के साईं कमलराम छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे हैं। इस दौरान पंचायत सभा के सदस्यों द्वारा प्रदेश कार्यालय में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर अध्यक्ष महेश दरयानी व सुभाष बजाज ने बताया कि चुनाव के दौरान जिन 11 बिंदुओं का घोषणा पत्र जारी किया गया था, उसे पूर्ण करने की तैयारी है। इन दिनों 10 एकड़ जमीन शासन से मांगी गई है, जिसके मिलने पर सामाजिक स्तर पर सेवा कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### मंदिर, वृद्धाश्रम, हॉस्पिटल शुरू करने की अपील

वर्तमान में कुलदेवी हिंगलाज माता के भव्य मंदिर का निर्माण संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत व पूज्य पंचायत संत कंवरराम नगर के संयुक्त तत्वावधान में शुरू कर दी गई है। वहीं कालीराम साईं ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था द्वारा 5 से 10 एकड़ जमीन पर भगवान झूलेलाल का मंदिर, वृद्धाश्रम, हॉस्पिटल समेत अनेक सामाजिक एवं जनहितकारी सेवा प्रारंभ होनी चाहिए। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता की जा सकती है। वहीं युवा पीढ़ी को भक्ति मार्ग में जोड़ने का भी यह प्रयास सफल होगा। इस मौके पर महासचिव बलराम आहूजा, कोषाध्यक्ष तनेश आहूजा, रमेश मिरघानी, प्रहलाद शादीजा, सुभाष बजाज, जीवत बजाज, गौरव मंघानी, महेश मोटवानी, अमर चंदनानी, राजा जेठानी, लधाराम नैनवानी व सौ से अधिक पदाधिकारी शामिल हुए।

● रोटरी महाकुंभ में नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का 51,000 पौधे लगाने और 2,500 यूनिट रक्तदान का आव्हान

# 1.40 लाख रोटेरियंस बन रहे सेवा की मिसाल

# 3600 क्लबों से देशभर में हर वर्ग को मिल रहा लाभ

**रोटरी महाकुंभ 2025 मित्रता, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और संकल्प का भव्य संगम सपन्न हुआ। उपरोक्त आयोजन रोटरी क्लब रायपुर रॉयल के तत्वावधान में किया गया। यह कार्यक्रम वीआईपी चौक जीई रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुआ। इसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल के निदेशक रोटे एम. मुरुगणम रहे.**

**रायपुर।** रोटरी के सात प्रमुख कार्य क्षेत्रों पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, युवा विकास और सामुदायिक सेवा पर आधारित कार्ययोजना और उनके क्रियान्वयन के तरीकों पर प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्रदान किया।साथ ही उन्होंने रोटरी को स्व से परे सेवा को चरितार्थ करने की एक पहल बताया। रोटरी के इस महासंगम में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा के 100 से अधिक रोटरी क्लबों के रोटेरियंस शामिल हुए। सत्र में डिस्ट्रिक्ट के पूर्व गवर्नर व वरिष्ठ रोटेरियंस ने नए मनोनीत अध्यक्षों, सचिवों एवं कोषाध्यक्षों को रोटरी के सात प्रमुख कार्य क्षेत्रों पर प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही बताया कि आज रोटरी भारत की आर्थिक ०समाजिक उन्नति में 3600 रोटरी क्लबों के 1.40 लाख सदस्यों की मदद से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब रायपुर रॉयल के अध्यक्ष रोटे नवीन बागरेचा, सचिव रोटे अमित खंडेलवाल, अक्षय चैयरमेन रोटे. मनीष अरोरा एवं को-चैयरमेन रोटे. मनोज गोयनका आदि का सहयोग रहा। शपथ सत्र दीप प्रज्वलन के साथ भव्य शुभारंभ हुआ व स्वागत नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति डॉ. पीहू जायसवाल, अदिति गोयल द्वारा दी गई।





### अस्पतालों व स्कूलों की बेहतर व्यवस्था में योगदान

*रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे. सोमनाथ अग्रवाल रायपुर से हैं, उन्होंने बताया कि वह 2009 में क्लब की सदस्याता लिया। इसके बाद लगातार सक्रिय सदस्य के तौर पर रोटरी क्लब के उद्देश्यों व वार्षिक कार्ययोजना पर कार्य करते हुए डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटेरियन के पद पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि क्लब की ओर से राजधानी के अस्पतालों में मरीजों के लिए आईसीयू, ऑक्सीजन प्लांट, वेंटिलेटर जैसे चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराया जा रहा है। वहीं स्कूल भवनों का रंगरोगन, फर्नीचर, स्टेशनरी आदि उपलब्ध कराकर वहां बेहतर व्यवस्था बनाने योगदान निभा रहे हैं।*

### नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे बने अमित जायसवाल

रोटरी समागम के अंतिम सत्र शपथग्रहण का आयोजन रोटरी क्लब धमतरी द्वारा किया गया, जिसमें नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल ने पूर्व गर्वनर रोटे. अखिल मिश्र से कार्यभार ग्रहण किया। नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. ने 51,000 पौधारोपण और 2,500 यूनिट रक्त संग्रहण के संकल्प से करने का आव्हान किया एवं रोटरी के साथ महिलाओं व बच्चों को जोड़ने के लिए इस वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की।

### प्रथम महिला रोटेरियन पल्लवी हुईं शामिल

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट 3261 की प्रथम महिला रोटेरियन रोटे. पल्लवी जायसवाल की विशेष उपस्थित रही। उन्होंने क्लब के माध्यम से बेहतर सोसायटी की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में भागीदार बनने अपील की। इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ रोटेरियंस के साथ पूर्व प्रांतपाल रोटे. देबाशीष मिश्रा, रोटे. राकेश चतुर्वेदी, रोटे. सुभाष साहू, रोटे. दीपक मेहता, रोटे. शशि वरवन्दकर, रोटे. हरजीत सिंह हूरा, रोटे. मंजीत सिंह सैनी, रोटे. कोषाध्यक्ष रोटे. सुनील अग्रवाल आदि सभी पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

### फ्री कंप्यूटर क्लासेस शुरू की

धमतरी से पहुंचे रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे. अजीत खंडेलवाल बताते हैं कि 2008 में क्लब की सदस्यता ग्रहण कर 4 साल प्रशिक्षण व अनुभव प्राप्त करने के बाद क्लब में मुझे डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटेरियन के पद पर कार्य करने का अवसर मिला। डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे. के पद पर कार्य करते हुए धमतरी में सबसे पहले युवाओं को सोसायटी में रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निशुल्क कंप्यूटर एजुकेशन क्लासेस की शुरूआत की। इस आइडिया को रोटरी क्लब के 100 डिस्ट्रिक्ट ने एडॉप्ट कर इन डिस्ट्रिक्ट में भी निशुल्क कंप्यूटर क्लासेस संचालित की। इस तरह रोटरी क्लब के सक्रिय पदाधिकारी के तौर पर अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा हूं।

### नई पीढ़ी के रोटरी दंपति सदस्य के रूप में निभा रहे भागीदारी

जगदलपुर रोटरी क्लब के दंपति सदस्य नवीन भावसार और सुमन भावसार बताते हैं कि दोनों के पिता रोटरी क्लब के सदस्य रहे हैं। अब नई पीढ़ी के रूप में नवीन भावसार व सुमन भावसार विवाह के बाद दोनों रोटरी क्लब से जुड़कर अपने जिले में आदिवासी अंचल में चिकित्सा और शिक्षा को पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। नवीन भावसार ने बताया कि वह क्लब के रोटारैक्ट यंग विंग से 1995 में जुड़े 10 साल तक यंग विंग में कार्य किया। इसके बाद 2005 में रोटरी क्लब मैनेजमेंट टीम का हिस्सा बने। इस दौरान जिले के आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सा व शिक्षा के बेहतर वातावरण में भागीदारी निभा रहे हैं। निजी तौर पर नवीन एडवोकेसी व एजुकेशनलिस्ट हैं। सुमन भावसार भी क्लब की सक्रिय सदस्य हैं और स्कूल एजुकेशन से जुड़ी हुई हैं।

# डाक्टरों के सेवाभाव को मिला सम्मान सभी वर्गों को सेहतमंद रहने दी सलाह



रायपुर। विश्व डॉक्टर दिवस के अवसर पर भगिनी मंडल ने वरिष्ठ डॉ. नलिनी राजिमवाले, डॉ. मंजुषा वैशंपायन, डॉ. बबीता बिठले का अभिनंदन किया। इस मौके पर डॉ. राजिमवाले ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि मानसून में महिलाओं को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होती है, ताकि पूरा परिवार रेनी सीजन के तमाम इंफेक्शन से बचा रहे और पूरी तरह स्वस्थ रहे। डॉ. नलिनी ने जोर देकर कहा कि बारिश के मौसम में तैलीय पदार्थों से बचना चाहिए, क्योंकि पूरे साल में सबसे कम पाचन क्षमता वर्षा ऋतु के दौरान ही होती है। खासकर हमें अपने बच्चों के खानपान पर विशेष नजर रखनी चाहिए। यही सावधानी स्कूल के लिए उन्हें टिफिन देते समय भी बरतनी चाहिए।

### अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने डॉक्टरों का किया सम्मान



अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर आज नारायणा हॉस्पिटल के एमडी डॉ. सुनील खेमका, सुयश अस्पताल के एमडी डॉ. मनोज लाहोटी एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. एवं पार्षद अनामिका सिंह, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. शोएब खान, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. नीना सक्सेना एवं नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद सक्सेना का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। उक्त जानकारी देते हुए सम्मेलन के महामंत्री एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि सभी डॉक्टरों का सम्मान कर उनके द्वारा कोरोनाकाल में अपने जीवन की परवाह न करते हुए छत्तीसगढ़ की जनता की चिंता कर समुचित इलाज उपलब्ध कराकर हजारों व्यक्तियों का जीवन बचाने के लिए आभार व्यक्त कर सम्मानित किया गया।

### कैट ने किया प्रतिष्ठित चार्टर्ड एकाउंटेंट का सम्मान



कैट ने मंगलवार को नेशनल डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड एकाउंटेंट दिवस के मौके पर शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों और प्रतिष्ठित चार्टर्ड एकाउंटेंट का प्रदेश कार्यालय में सम्मान किया। आयोजक संस्था के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश एक्जिक्यूटिव चेयरमैन जितेंद्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि हर साल 1 जुलाई को पूरे देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1 जुलाई को जन्मे डॉक्टर बीसी राय के जन्मदिन पर उनके सम्मान शुरू किया गया था। डॉ. राय बंगाल के मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित थे। यह सम्मान उन डॉक्टरों के समर्पण, निष्ठा और सेवा को सम्मान देने का अवसर है, जो दिन-रात लोगों की जान बचाने का काम कर रहे हैं। श्री पारवानी ने कहा, हमारे डॉक्टरों ने अपने कौशल और परिश्रम से एक अलग पहचान बनाई है। उनकी करुणा की भावना भी उतनी ही सराहनीय है।



### 40 वरिष्ठ और युवा डॉक्टरों का किया सम्मान

लायंस क्लब रायपुर सीनियर द्वारा सुयश हॉस्पिटल में मंगलवार को डॉक्टर्स डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 40 वरिष्ठ एवं युवा डॉक्टर्स को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान क्लब के फाउंडर सदस्य लायन डॉ. हरितवाल, लायन अशोक अग्रवाल, लायन सुनील गुप्ता, लायन वाइस प्रेसिडेंट गजानंद अग्रवाल, लायन वाइस प्रेसिडेंट प्रेम गुप्ता, कैशियर लायन दिवाकर अवस्थी, सेक्रेटरी लायन दीपक सिन्हा, लायन सीए प्यारे लाल अग्रवाल एवं लायन डॉ. सोहेब खान ने सम्मान किया।

### मोहल्लेवासियों ने डॉ. जेठानी का किया सम्मान



*चिकित्सक दिवस के अवसर पर मठपारा, टिकरापारा, गभरापारा, भाठागांव के निवासियों ने पिछड़ा वर्ग नेता सूरज निर्मलकर के साथ आदर्श नगर मठपारा में सेवा दे रहे हैं डॉ. एसपी जेठानी, डॉ एमआर लोहाना का सम्मान किया। इस अवसर पर राजू पाल, गोपाल सारथी, भोजराम निर्मलकर, राकेश निषाद, राकेश सारथी, चोवाराम देवांगन, झुमुक लाल यादव, शरद यादव आदि ने भी सम्मान किया।*

### नेशनल डॉक्टर्स-डे पर डेंटल चेकअप कैंप, 200 स्कूली बच्चों को मिला लाभ



वंडर किड्स एकेडमी डीडीनगर और लक्ष्मीनगर ब्रांच में नेशनल डॉक्टर्स-डे के अवसर बच्चों का डेंटल चेकअप कैंप रखा गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य बच्चों में ओरल हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ाना और उन्हें दंत चिकित्सा के प्रति सजग बनाना रहा। इस दंत जांच शिविर का नेतृत्व ओरल सर्जन डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. खुशबू तिवारी, डॉ. रोशन शर्मा और डॉ. प्रेक्षा द्वारा किया गया। सभी विशेषज्ञों ने बच्चों की मौखिक जांच की और उन्हें दांतों की सही देखभाल के तरीके बताए। इस अवसर पर वंडर किड्स एकेडमी की प्रिंसिपल पल्लवी मिश्रा ने बताया कि विद्यालय का सदैव प्रयास रहा है कि बच्चों को प्रारंभिक उम्र से ही हेल्दी लाइफस्टाइल और समग्र विकास की दिशा में मार्गदर्शन मिले।

#### पैरेंट्स को ओरल हेल्थ के दिए टिप्स

डॉक्टर्स द्वारा बच्चों की मौखिक सेहत को बेहतर बनाए रखने के लिए पेरेंट्स के लिए 10 महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए, जिसका पालन करने से बच्चों को होने वाले ज्यादातर दांतों व ओरल संबंधित समस्याओं से बचे रहेंगे। इनके 10 टिप्स में बच्चों को दिन में दो बार ब्रश कराने, अधिक मीठा खाने से बचाने, बच्चों को दांतों की सफाई का महत्व कहानियों या एक्टिविटीज के जरिए समझाने, टूथब्रश और पेस्ट ध्यान से चुनाव, ब्रश को हर 3 महीने में बदलने, बच्चों को दिन में पर्याप्त पानी पीने के लिए प्रेरित करने, ताकि मुंह साफ रहे। सोने से पहले दूध या जूस देने के बजाय केवल पानी दें। बच्चों को च्युइंग गम या अत्यधिक चॉकलेट से दूर रखें, खासकर बिना ब्रश किए। ओरल हेल्थ को लेकर पॉजिटिव और मजेदार माहौल बनाएं, जिससे बच्चे इसे बोझ न समझें।

# अनियमित जीवनशैली से बिगड़ रही सेहत, योग से बेहतर होगा स्वास्थ्य

रायपुर। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया इकाई एवं सिविल डिफेंस साउथ ईस्टर्न सेन्ट्रल रेलवे रायपुर डिवीजन के संयुक्त तत्वावधान में जीवन शैलीगत व्याधि, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन एवं आपदा राहत प्रविधि पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंत्रालयीन स्टॉफ प्रशिक्षण इकाई एमएसटीयू के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए किया गया। आयकर भवन एमएसटीयू में आयोजित कार्यशाला में सह प्रशिक्षण में सम्बन्धित विषयों पर एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी और चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि इस कार्यशाला में अग्नि सुरक्षा परीक्षण, मॉक फायर ड्रिल, आपातकालिक नागरिक सुरक्षा प्रदर्शन एवं अप्रत्याशित अप्रिय परिस्थितियों में होने वाले हादसों पर गम्भीरता पूर्वक प्रकाश डाला गया। रेलवे सिविल डिफेंस की टीम ने विभिन्न प्रकार की अनहोनी से बचाव सम्बन्धी कदम और जागरूकता विषयक महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिये।



### लाइफ स्टाइल डिसीज महामारी की तरह फैल चुका है

यूथ हॉस्टल्स इकाई के वाइस प्रेसिडेंट सुधीर अवधिया, महेन्द्र देवांगन और कोषाध्यक्ष हेमलाल देवांगन ने बताया कि आज के भौतिकवादी समय में लाइफ स्टाइल डिसीज महामारी की तरह फैल चुका है। अनियमित दिनचर्या और खान-पान तथा भौतिकवादी यांत्रिक जीवनशैली से अधिकतर लोग प्रभावित हैं। शारीरिक निष्क्रियता, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, ओव्हरवेट, हृदयरोग, कैंसर, अस्थमा, तनाव, अनिद्रा आदि अनियमित जीवनशैली जन्य व्याधियां हैं। इस विषय पर डॉ. के. श्रीजन ने बताया कि सन्तुलित खान-पान, अनुशासित दिनचर्या तथा योग एवं प्राणायाम से प्रकृति के पास रहकर इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। वरिष्ठ आयकर अधिकारी रूपा पिल्लई एवं बी. समीर ने बताया कि यूथ हॉस्टल्स की वरिष्ठ सदस्य रिटायर्ड कर्नल हरिशरणजीत ने समय प्रबंधन पर प्रभावी वक्तव्य दिया।

## दादाबाड़ी में आज चातुर्मासिक मंगल प्रवेश जैन मंदिर से निकलेगी मंगल शोभायात्रा



**रायपुर।** मुनिश्री महेंद्र सागर महाराज, मुनिश्री मनीष सागर महाराज आदि ठाणा की पावन निश्रा में साध्वीश्री निपुणा की सुशिष्या साध्वीश्री हंसकीर्ति आदि ठाणा का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 2 जुलाई बुधवार को रायपुर में होगा।

शुभ मंगल प्रवेश प्रातः 8.30 बजे सदर बाजार जैन मंदिर से श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी, एमजी रोड तक चतुर्विध संघ के साथ निकाला जाएगा। नवकारसी की व्यवस्था महावीर भवन में रहेगी। मंगल प्रवेश के पश्चात जिन मंदिर दर्शन और धर्मसभा का आयोजन होगा। इसके उपरांत स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था प्रातः 11 बजे से दादाबाड़ी परिसर में रहेगी। प्रवचन श्रृंखला 9 जुलाई 2025 बुधवार से प्रतिदिन प्रातः 8.45 से 9.45 बजे तक आयोजित की जाएगी। सकल जैन संघ के सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जिनवाणी श्रवण का लाभ लें। शुभ मंगल प्रवेश सदर बाजार जैन मंदिर से श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी, एमजी रोड, रायपुर में रहेगा।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
• Spoken English & Personality Development
• Safe & Reliable Transport with Surveillance
• Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
• Monthly Seminars & Interactive Discussions
• Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
✦ Creative Classrooms & Play-Based Education
✦ Sports, Arts & Music for Holistic Growth
✦ Safe & Nurturing Environment
✦ Interactive Events & Competitions
✦ Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION ENQUIRY
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Paaras Institute of Education
www.paarasinstitute.com
Admission Open
7 days Admission Mega Fest
विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स
एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स को मिलेंगे विशेष गिफ्ट
फ्री कंप्यूटर
फ्री एजुकेशन किट
फ्री एडिशनल कोर्स
Scholarship available - ST/SC/OBC
DCA
PGDCA
Tally
Add 1 - Near Mahaveer sweets, bhatagaon chowk, Raipur Contact no- 6263903865, 7987018381
Add 2 - Tiranga Chowk, Khud muda road, Amleshwar contact no.- 9111348886, 7879008105

Contact to Add Your School - 79871-19756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मिशन इंपॉसिबल' को अपनी धुनों में पिरोने वाले संगीतकार लालो शिफ्रिन नहीं रहे



ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार लालो शिफ्रिन को 'मिशन इंपॉसिबल' थीम के लिए जाना जाता था। शिफ्रिन ने 93 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। खबर के सामने आते ही हॉलीवुड मनोरंजन इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई। समाचार आउटलेट ने बताया कि मशहूर संगीतकार का निमोनिया के कारण आई परेशानियों के चलते निधन हुआ। लालो शिफ्रिन फिल्मों और टीवी की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम थे। संगीतकार को 'मिशन इंपॉसिबल' के बेहद आकर्षक थीम तैयार करने के लिए वैश्विक प्रसिद्धि मिली। बोरिस क्लाउडियो शिफ्रिन का जन्म 21 जून 1932 को ब्यूनस आयर्स में एक संगीत परिवार में हुआ था, उनके पिता लुइस शिफ्रिन 25 वर्षों तक शहर के फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा के कंसर्टमास्टर रहे। इसके बाद लालो शिफ्रिन 1958 में संयुक्त राज्य अमेरिका चले गये और एक दशक बाद अमेरिकी नागरिक बन गये। संगीतकार ने शानदार करियर में जैज और आधुनिक ध्वनियों के साथ अपने शास्त्रीय और सिम्फोनिक प्रशिक्षण के प्रभावों को मिश्रित किया। इससमें लगभग 100 फिल्मों के संगीत शामिल हैं, जिनमें से कुछ अपने दौर की सबसे प्रसिद्ध फिल्में हैं। 1960 के दशक में 'मिशन इंपॉसिबल' के थीम संगीत तैयार करने के अलावा लालो शिफ्रिन को इन फिल्मों में शानदार संगीत देने के लिए जाना जाता था। उन्होंने 'द सिनसिनाटी किड', 'बुलिट', 'कूल हैंड ल्यूक' और क्लिंट ईस्टवुड की 'डर्टी हैरी'जैसी फिल्मों में भी संगीत दिया था।

### टॉलीवुड

## कमल हासन बने ऑस्कर समिति के सदस्य, फिल्म इंडस्ट्री के साथ सीएम स्टालिन ने भी दी बधाई



भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता कमल हासन को अकादमी पुरस्कार 2025 समिति के सदस्य कु के रूप में चुना गया है। जबकि वैश्विक मान्यता अपने आप में गर्व का क्षण है। हासन की इस उपलब्धि से समूची फिल्म इंडस्ट्री में खुशी और गर्व की लहर है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस उपलब्धि को शेयर करते हुए गर्मजोशी भरा बधाई संदेश अपने एक्स (ट्विटर) पर लिखा है। कमल ने सीएम को अपना हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा, ₹ऑस्कर संगठन से निमंत्रण एक खुशी की बात है, और तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री के बधाई शब्द और भी खुशी जोड़ते हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद।₹कमल की इस उपलब्धि को लेकर पवन कल्याण ने एक्टर के लिए सोशल मीडिया पर बधाई संदेश लिखा है और साथ ही उनकी तारीफें की है। पवन कल्याण ने एक्स हैंडल पर कमल हासन को बधाई देते हुए लिखा, 'यह भारतीय फिल्म उद्योग के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि पद्म भूषण थिरु कमल हासन एवीएल को प्रतिष्ठित के सदस्य के रूप में चुना गया है- द अकादमी पुरस्कार 2025 समिति। छह दशकों के शानदार अभिनय करियर के साथ, कमल हासन एक अभिनेता से कहीं बढ़कर हैं।' आगे पवन कल्याण ने लिखा, 'एक अभिनेता, कहानीकार और निर्देशक के रूप में उनकी सिनेमाई प्रतिभा, साथ ही उनकी बहुमुखी प्रतिभा और दशकों के अनुभव ने भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर एक स्थायी प्रभाव डाला है। एक लेखक, गायक, निर्देशक, निर्माता और अभिनेता के रूप में फिल्म निर्माण के हर पहलू पर उनकी असाधारण पकड़ वास्तव में प्रेरणादायक है। वह इस कला के सच्चे उस्ताद हैं। मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं और विश्व सिनेमा के लिए उनके कई और वर्षों तक प्रभावशाली सेवा की कामना करता हूं।

### छॉलीवुड

## फेमस यूट्यूबर पकलू पचासी की छत्तीसगढ़ी फिल्म 'तोर संग मया लागे' 11 जुलाई से




**भिलाई।** निर्माता सोमेश केशरवानी, सागर केशरवानी, मदन कहरा एवं उत्तम तिवारी निर्देशित फिल्म ₹तोर संग मया लागे₹ प्रदेश के सिनेमाघरों में 11 जुलाई से प्रदर्शित की जाएगी । निर्माता सागर केसरवानी ने बताया कि भिलाई, दुर्ग सहित प्रदेश के अधिकतम सिटी में प्रदर्शित की जा रही है। निर्माता ने आगे बताया कि फिल्म ₹तोर संग मया लागे₹ पारिवारिक नोक झोंक के साथ रोमांस, इमोशन, एक्शन, परिवार के, हर वर्ग के साथ बैठकर देखने लायक मसाला फिल्म है।विगत विगत दिनों रिलीज़ किए गए गाने को दर्शको का भरपूर मया दुलार मिल रहा है, फिल्म के लेखक दिलीप कौशिक व सहायक निर्देशक अर्जुन परमार, महेश सिंह प्रोडक्शन मैनेजर प्रदीप विश्वकर्मा, योगेश साहू, योगेश कश्यप कैमरा मेन विष्णु शर्मा, लक्ष्मण यादव, मयंक साहू मेकअप मेन रज्जू सरकार, विलास राऊत है। आर्ट डिजाइनर अश्वनी जंघेल का देखने लायक काम है। फिल्म में कर्णप्रिय संगीत उत्तम तिवारी ने बनाया है। म्यूजिक अरेंजिंग प्रफुल्ल बेहरा की है। गानों सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, नितिन दुबे, अनुपमा मिश्रा, श्रद्धा मंडल, कंचन जोशी ने अपने स्वरों से कर्णप्रिय बनाया है। कोरियोग्राफी दिलीप बैस, नन्दू मास्टर (ओडिसा) ने गानों के नृत्य फिल्ममांकन में जान डाल दी है। फिल्म मे कलाकारी में, पकलू पचासी (नायक), हिरनमयी दास (नायिका), जीत शर्मा, किर्ती प्रकाश जायसवाल, आलोक मिश्रा, विनोद उपाध्याय, अर्जुन परमार, गायत्री निषाद, दिब्या नागदेवे, मोहन चौहान, प्रकाश, शशीता साहू, ने शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया है।

## लाइफ स्टाइल

### खादी का जलवा



अपने देश में आप खादी के जरिए ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकते हैं। कई और स्वदेशी बुनकर से हासिल कपड़े हमारे दैनिक जीवन और बहुत से खास अवसरों को शोभा होते हैं। हालांकि इन सब में खादी का अपना एक अलग मकाम है। हाल ही में अहमदाबाद में हुए एक फैशन शो में खादी के अनूठे डिजाइन मॉडल में पेश किए। जिन्हें भरपूर तारीफ मिली।

## रूखे बालों में चमक लाने लगाएं दही-मेथी का हेयर मास्क

रूखे और बेजान बाल आजकल हर किसी को हो रहे हैं। इसका कारण है बढ़ता प्रदूषण और हमारा खराब लाइफस्टाइल। इसकी वजह से हम सही तरह से अपने बालों का ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में बाल जल्दी खराब होने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप हेयर मास्क अपने बालों में जरूर अप्लाई करें। हेयर मास्क लगाने से बालों के स्कैल्प को पोषण मिलता है। आर्टिकल में बताते हैं किस तरह के हेयर मास्क को आप बनाकर लगा सकती हैं।

### दही और मेथी दाना हेयर मास्क

आप अपने बालों में दही और मेथी दाने का हेयर मास्क लगा सकती हैं। इन दोनों चीजों से बाल प्राकृतिक रुप से कंडीशन होते हैं। साथ ही, मुलायम और चमकदार नजर आते हैं। इस हेयर मास्क को लगाने से आपके बालों में डैंड्रफ की प्रॉब्लम भी नहीं होती है। ऐसे में बाल कम ड्राई लगते हैं। बालों में मजबूती के लिए दही का इस्तेमाल किया जाता है। आप भी इन दोनों चीजों के साथ में बालों में लगा सकते हैं।

### दही और मेथा दाने के हेयर मास्क को कैसे बनाएं

इसके लिए आपको एक कटोरी में थोड़े से मेथी दाने भिगोकर पूरी रात रखना है। फिर इसे अगली सुबह पीसकर इसका पेस्ट बनाना है। अब इसमें 2 चम्मच दही को मिक्स करना है और थीक पेस्ट बनाना है। आप चाहें तो इसमें नींबू का रस या शहद को मिक्स कर सकते हैं।



### बालों में अप्लाई करें दही और मेथी दाना हेयर मास्क

इसके लिए आपको बालों को कॉम्ब करना है। अब बालों में पार्टिशन करें और हाथों से इस हेयर मास्क को बालों में लगाकर मसाज करें। इसके बाद इसे 30 मिनट के लिए लगा रहने दें। बालों को शैंपू से साफ कर लें। इससे आपके बाल हेल्दी नजर आएंगे। साथ ही, रूखे भी दिखाई नहीं देंगे। बालों में लगाएं दही और मेथी दाना हेयर मास्क। इससे बाल हेल्दी नजर आएंगे। साथ ही, आपको बाजार से कोई क्रीम या सीरम लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कुछ समय बाद आपके बाल इस हेयर मास्क से सॉफ्ट नजर आएंगे। बस आपको इसे थोड़े-थोड़े समय में बालों में लगाना है, ताकि आपके बालों की ग्रोथ भी हो सके।

## ऑफिस और कॉलेज में पहने ब्लैक इनर के साथ खास तरह के शर्ट, मिलेगा क्लासी लुक



ऑफिस या कॉलेज में क्या पहने इस बात को लेकर अधिकतर महिलाएं परेशान रहती है, तो आज हम आपको कुछ ऐसे शर्ट बताएंगे, जिन्हें आप ब्लैक इनर के साथ पहनकर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। ऑफिस या कॉलेज में क्या पहने इस बात को लेकर अधिकतर महिलाएं परेशान रहती है। रोजाना एक जैसे कपड़े पहनकर जाने में वे शर्मिंदगी महसूस करती है। ऐसे में अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको कुछ ऐसे शर्ट बताएंगे, जिन्हें आप ब्लैक इनर के साथ पहनकर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं।





### मल्टी स्ट्राइप्स ओवरसाइज़्ड कैज़ुअल शर्ट

अगर आप अपने कॉलेज में क्लासी और कुल लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो गर्मी के दिनों में मल्टी स्ट्राइप्स ओवरसाइज़्ड कैज़ुअल शर्ट को ब्लैक इनर के साथ पेयर कर पहन सकती हैं। यह आपको यूनिक और डिफरेंट लुक देने में बहुत मदद करेगा। आप इसे जींस या डेनिम की स्कर्ट के साथ भी कैरी कर सकती है।

### ड्रॉप शोल्डर स्लीव्स प्योर कॉटन शर्ट

अगर आप अपने ऑफिस में एक जैसे आउटफिट पहनकर बोर होने लगी है और कुछ यूनिक ट्राई करना चाहती है, तो अब आप ब्लैक इनर के साथ ड्रॉप शोल्डर स्लीव्स प्योर कॉटन शर्ट ट्राई कर सकती है। इसे आप वाइट कलर की जींस या व्हाइट पेंट के साथ ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप बहुत खूबसूरत लगेंगी।

### ओवरसाइज्ड एब्स्ट्रेक्ट कैजुअल शर्ट

अगर आप अपने दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान कर रही है और क्या पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज है, तो अब आप ब्लैक जींस के साथ ब्लैक इनर और ओवरसाइज्ड एब्स्ट्रेक्ट कैजुअल शर्ट ट्राई कर सकती हैं।

### प्रिंटेड कैजुअल शर्ट

अपनी खूबसूरती में चार-चांद लगाने के लिए और अपने लुक को रॉयल बनाने के लिए आप वाइट कलर की जींस या लोवर के साथ इस खूबसूरत प्रिंटेड कैजुअल शर्ट को ट्राई कर सकती हैं।

## अपनाएं गोल्ड प्लेटेड डिजाइन, होगी बचत

अपने हाथों को खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। इनमें से कुछ महिलाएं तो अपने नाख़ून पर नेल आर्ट और उंगलियों के लिए अंगूठियां खरीदती हैं। अगर आप भी अपने हाथों की खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहती हैं, तो अब आप कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले बैंगल्स ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के बैंगल्स आपके हाथों में बेहद खूबसूरत लगेंगे।

### गोल्ड प्लेटेड आर्टिफिशल स्टोन बैंगल्स

अगर आपकी शादी हो गई है और आप डेली वियर में पहनने के लिए बैंगल्स देख रही हैं, तो अब आपके लिए इस तरह के खबसूरत गोल्ड प्लेटेड आर्टिफिशियल स्टोन बैंगल्स ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के बैंगल्स आपके हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने में आपकी मदद करेंगे। ऐसे बैंगल्स आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### ट्रेडिशनल एथनिक बैंगल्स सेट

अगर आप रोजाना ऑफिस या कॉलेज जाती हैं और आप वर्किंग वीमेन हैं, तो अब आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ इस खूबसूरत



ट्रेडिशनल एथनिक 4 बैंगल्स सेट को ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप न सिर्फ अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ा देंगी बल्कि यह बैंगल्स डिजाइन आपके आउटफिट को भी गॉर्जियस बनाने में मदद करेगी।

### गोल्ड प्लेटेड 2 सेट बैंगल्स

अगर आप भी गोल्ड प्लेटेड बैंगल्स की तलाश में हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप हर फंक्शन में पहनने के लिए इस तरह की खूबसूरत गोल्ड प्लेटेड 2 सेट बैंगल्स ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप अपने लुक को भीड़ से हटके दिखा सकती हैं। ऐसे बैंगल्स आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल सकते हैं।
गोल्ड प्लेटेड क्यूब डिजाइन बैंगल्स

## केसर से पा सकती हैं दमकती त्वचा, ऐसे करें इसका इस्तेमाल

महिलाएं अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए कई उपाय करती है। कुछ महिलाएं तो बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं, तो वहीं कुछ महिलाएं घरेलू उपाय आजमाती है। अगर आप भी अपने चेहरे को खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो आज हम आपको एक ऐसे घरेलू उपाय के बारे में बताएंगे, जिसकी मदद से आप अपने चेहरे को बेदाग बना सकती हैं।

### चेहरे के लिए केसर का इस्तेमाल

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक अगर आप भी अपने चेहरे पर होने वाले पिंपल्स और रैशेज की वजह से परेशान रहती है, तो अब आप केसर का इस्तेमाल कर घर पर अपने चेहरे की रंगत को निखार सकती हैं। आप घर पर केसर की मदद से खास टोनर बना सकती है।

### केसर से टोनर बनाने का तरीका

केसर से टोनर बनाने के लिए सबसे पहले आप एक कंटेनर में कच्चा दूध निकाल लें। कच्चा दूध चेहरे के लिएफायदेमंद साबित हो सकता है। लेकिन अगर आपके पास कच्चा दूध नही है, तो आप किसी भी दूध



का इस्तेमाल कर सकती हैं। अब कच्चे दूध के कंटेनर में आप 5 से 6 धागे केसर के डाल दे। जब तक केसर के धागे कलर न छोड़ दे, तब तक के लिए आप इसे ढककर रखें। अब आप इसमें टी ट्री ऑयल की कुछ बंदे मिक्स कर दें और इसे एक स्प्रे बोतल में भर लें। स्प्रे बॉटल में टोनर भरने के बाद आप एक हफ्ते से ज्यादा इसका इस्तेमाल न करें। इस टोनर को रोजाना रात में सोने से पहले आप स्प्रे बोतल की मदद से अपने चेहरे पर स्प्रे कर, चेहरे की हल्के हाथों से मसाज कर सकती हैं। आप रोजाना कम से कम 15 मिनट तक अपने चेहरे पर इस टोनर की मसाज करें। उसके बाद फेस को साफ पानी से धोकर अपने चेहरे पर गुलाब जल लगा कर सो सकती हैं। किसी भी चीज का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

### कार्नर न्यूज

#### नहीं होगी रोज-रोज बालों के केयर की जरूरत

## नेचुरल कर्ली हेयर लुक है नौजवानों की स्टाइल, कुछ टिप्स अपनाकर आप भी आसानी से पा सकते हैं इसे

बालों के स्टाइल को लेकर आप बहुत सतर्क रहते हैं। आपको बालों में हमेशा कुछ नया करते रहने का भी शौक है तो कभी न कभी आपको कर्ली हेयर लुक रखने का मन भी किया होगा। अगर ऐसा है और आपके बाल कर्ली नहीं हैं तो भी आपकी ख्वाहिश पूरी हो सकती है। आपको इसके लिए कुछ बेहद छोटे-छोटे टिप्स याद रखने हैं ताकि आपको नेचुरल कर्ली हेयर लुक मिल सके। क्या करना होगा आपको, जानते हैं-

### रोज-रोज नो हेयर वॉश

आपको ये पता होना चाहिए की आप जितना ज्यादा बाल धोएंगे, बालों के कर्ल होने की संभावना भी कम होती जाएगी। बालों में मौजूद नेचुरल ऑयल के साथ बालों को हेल्थी रखते हैं। नेचुरल ऑयल के साथ बाल आपस में कुछ इस तरह से जुड़ जाते हैं कि कर्ल अपने आप ही दिखने लगते हैं। इसलिए शैंपू भी सिलीकॉन और सल्फेट वाला नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि ये बालों की नामी और ऑयल छीन लेते हैं।



### कितने कर्ल कितनी बार वॉश

अलग-अलग तरह के कर्ल के लिए बाल धोने की संख्या भी बदल जाती है। ढीले कर्ल्स के लिए हफ्ते में 2 से 3 बार बाल धोए जा सकते हैं। टाइट रिंग्स के लिए हफ्ते में एक बार बाल धोएं और एक बार सिर्फ कंडिशनर कर लें।

### बड़े दांत वाला कंघा

अपने बालों में कर्ल्स जल्द से जल्द देखने हैं तो आपको ब्रश करने की बजाए बड़े दांत वाले कंघे का इस्तेमाल करना होगा।ब्रश करने से बालों के कर्ल्स खुल सकते हैं।

### बालों को खुद सूखने दें

बालों को नेचुरली सूखने देना इनमें कर्ल्स बने रहने देने का सबसे आसान तरीका है। इसलिए बालों को हेयर ड्रायर से ना सुखाएं।



### सेहत का रखें ध्यान

पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। स्वस्थ बालों के लिए हाइड्रेशन महत्वपूर्ण है। स्वस्थ आहार लें। स्वस्थ बालों के लिए, एक संतुलित आहार लें जिसमें पर्याप्त प्रोटीन, विटामिन और खनिज हों। तनाव कम करें। तनाव आपके बालों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है, इसलिए तनाव कम करने के तरीके खोजें।

### महिलाएं ब्रेडिंग यानी चोटी से बनाएं कर्ल

बालों को कर्ल करने का सबसे आसान तरीका ब्रेडिंग है। इसमें आपको बालों में चोटी बनाकर बालों को कर्ली करना है। इससे आप बालों में वेवी लुक पा सकती हैं। इस तरह के कर्ल करने के लिए सबसे पहले अपने बालों को धो लें और इन्हें पूरी तरह से सूखने से पहले ही बालों को दो बराबर हिस्सों में बांटें। अपने विभाजित बालों के दोनों तरफ चोटी बनाएं। अगर आप केवल अपने बालों के सिरों की ओर वेव चाहती हैं, तो अपने सिर के दोनों तरफ दो बराबर चोटियां बनाएं। अपने बालों की जड़ों के करीब से शुरू होने वाली वेव के लिए, अपने सिर के दोनों ओर दो फ्रेंच ब्रैड बनाएं।